
जेपी नड्डा रविवार को चेन्नई में भाजपा की रैली को संबोधित करेंगे

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आदि महोत्सव का उद्घाटन किया

वर्ष-60 › अंक -50 रायपुर रविवार 11 फरवरी 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G/RYP DN/71/2023-25


## कांग्रेस ने नरसिम्हा राव के शव को अपने पार्टी ऑफिस में घुसने तक नहीं दिया था

एजेंसी

राज्यसभा में शनिवार को भारत रत्न को लेकर जमकर हंगामा हुआ। जयंत चौधरी ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रिया अदा किया तो वहीं कांग्रेस पर हमला भी साधा।

वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जयंत चौधरी को बोलने की अनुमति देने पर सवाल खड़ा किया। खड़गे ने कहा कि किस नियम के तहत जयंत चौधरी को बोलने दिया गया है। वह कोई एजेंडा नहीं है, आप कुछ को बोलने की अनुमति देते हैं और कुछ को नहीं बोलने की अनुमति देते हैं, कृपया नियम और व्यवस्था के बिंदु का पालन करें। खड़गे के इस बयान से हंगामा मच गया और बीजेपी उन हमलावर हो गई।



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने खड़गे के भाषण पर सवाल उठाते हुए कहा, 'खड़गे जी ने जिस भाषा का प्रयोग किया है वो ठीक नहीं है। चरण सिंह ने किसानों की आवाज जो उठाई। कांग्रेस क्या समझेगी नरसिम्हा का सम्मान?

पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नरसिम्हा राव को सम्मान दिया। वो गांधी या नेहरू होते तो सम्मान मिलता। उनके साथ यह दुर्भाग्य रहा कि उनके सरनेम में गांधी नहीं था। गोयल ने कहा कि कांग्रेस ने राव को सही सम्मान उनके देहांत के बाद भी नहीं दिया। वो पार्टी नरसिम्हा राव दी का योगदान क्या समझेगी। उन्होंने उनके शव को पार्टी ऑफिस में घुसने तक नहीं दिया और कार्यालय में ताला लगाकर फुटपाथ पर छोड़ दिया था। मैं नहीं समझता कि ऐसी पार्टी कभी नरसिम्हा राव जी के सम्मान को पचा पाएगी। गोयल ने कहा कि आज पूरा देश उनका गुणगान कर रहा है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष को चौधरी चरण सिंह, डॉ. एमएस स्वामीनाथन और पीवी नरसिम्हा राव गारू का अपमान करने के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

# जेपी नड्डा लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, राज्यसभा सदस्य बन करेंगे भाजपा का प्रतिनिधित्व

### नड्डा समेत कई मंत्री राज्यसभा से रिटायर

नईदिल्ली,एजेंसी।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। सूत्रों ने ये दावा किया कि वह फिर से राज्यसभा सांसद ही बनेंगे। बताया जा रहा है कि जेपी नड्डा को राज्यसभा के अगला टर्म के लिए उत्तर प्रदेश से भेजा जा सकता है। दरअसल, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर नड्डा के ऊपर चुनाव लड़वाने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, इसलिए वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। बता दें कि बीजेपी के के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हाल ही में राज्यसभा से रिटायर हुए हैं।

**निर्मला और जयशंकर भी नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव** - इतना ही नहीं सूत्रों ने ये भी दावा किया है कि वर्तमान



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री जयशंकर की भी 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावनाएं नहीं हैं। ये दोनों ही नेता राज्यसभा सांसद हैं। बता दें कि निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर का कार्यकाल अभी 3 साल से ज्यादा का बचा है, लिहाजा इन्हें लोकसभा चुनाव लड़ने से छूट मिल सकती है। इसके अलावा धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और मुरलीधरन लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

**कई मंत्रियों को चुनाव में उतारेगी बीजेपी** - ऐसा माना जा रहा है कि नड्डा के अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा जाने की उम्मीद कम ही है क्योंकि हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है और वहां बीजेपी के विधायकों की संख्याबल कम है। लिहाजा जेपी नड्डा के उत्तर प्रदेश से राज्यसभा जाने की संभावनाएं ज्यादा हैं। सूत्रों ने ये भी बताया कि धर्मेन्द्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और मुरलीधरन जैसे केंद्रीय मंत्रियों को बीजेपी चुनावी रण में उतार सकती है। बता दें कि चुनाव आयोग ने हाल ही में 27 फरवरी को 56 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी की है। इस कार्यकाल में रिटायर होने वाले सांसदों की लिस्ट में जेपी नड्डा, मनमोहन सिंह समेत 9 अन्य केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। इनमें रेल मंत्री अश्वणी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया भी शामिल हैं।

## मोदी सरकार का सुशासन अनुकरणीय- फडणवीस

एजेंसी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपने कार्यों से सुशासन को सुपरिभाषित किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के जनहित के कार्यों से जिस तरह सामान्य लोगों के जीवन का स्तर बेहतर हुआ है, वह सुशासन का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में इसकी नींव अटलबिहारी वाजपेयी की सरकार ने रखी थी, जिसे ऊपर उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाना सुशासन का सर्वोत्तम उदाहरण है। रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी के एक प्रमुख पदाधिकारी विनय सहस्रबुद्धे ने सुशासन पर राजधानी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की अनेक सरकारें जनहित के लिए कार्य कर रही हैं। सुशासन से कम संसाधनों में भी नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जा सकती हैं।

### लोकसभा में पीएम मोदी ने कहा- राम मंदिर का प्रस्ताव अहम, कुछ लोग तो मैदान छोड़कर भागे

# 5 साल तक रिफॉर्म,परफॉर्म और ट्रांसफार्म

नई दिल्ली: एजेंसी।

पीएम मोदी ने लोकसभा में सदन के सभी सदस्यों का स्वागत किया और कहा कि आज का दिन सदन में बेहद अहम है। उन्होंने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के धैर्य की भी तारीफकी। पीएम ने कहा कि कैसी भी परिस्थिति हो, बिरला जी का चेहरा हमेशा मुस्कुराता हुआ रहता है। पीएम ने कहा कि 5 साल में रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म हुआ है। 5 साल में कई अहम फैसले लिए गए हैं।



लोकसभा में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'ये पांच साल देश में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के थे। ऐसा बहुत कम होता है कि रिफॉर्म और परफॉर्म दोनों हों और हम अपनी आंखों के सामने बदलाव देख सकें। देश 17वीं लोकसभा के माध्यम से इसका अनुभव कर रहा है और मेरा दृढ़ विश्वास है कि देश 17वीं लोकसभा को आशीर्वाद देना जारी रखेगा।'

17वीं लोकसभा के पहले सत्र में सदन ने 30 विधेयक पारित किए। इस लोकसभा ने नए बेंचमार्क बनाए। इसकी प्रोडक्टिविटी 97 फीसदी रही। एक संकल्प लेकर 18वीं लोकसभा शुरू होगी कि उसकी प्रोडक्टिविटी 100 प्रतिशत से ज्यादा होगी।

**जम्मू कश्मीर और धारा 370 को बात** - पीएम ने कहा कि जम्मू कश्मीर में सामाजिक न्याय किया। आने वाली पीढ़ी न्याय संहिता में जिएगी। हमने धारा 370 हटाकर संविधान की खाई हटाई। हमने आतंकवाद के खिलाफसख्त कानून बनाए।

**नारी वंदन अधिनियम,तीन तलाक,आतंकवाद की बात**

पीएम मोदी ने कहा कि नए सदन में दूरगामी निर्णय हुए। इस सत्र में नारी वंदन अधिनियम बनकर पास हुआ। मुस्लिम बेटियों को हमने न्याय दिलवाया। मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति मिली। पीएम ने ये भी कहा कि आतंकवाद मुक्त भारत बनाने का सपना पूरा करेंगे।

## किसान आंदोलन का असर, कई जिलों में इंटरनेट सेवा बंद करने का आदेश, नहीं मिलेंगी ये सुविधाएं

चंडीगढ़: संवाददाता।

किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए हरियाणा सरकार ने मोबाइल इंटरनेट सेवा को राज्य के कई जिलों में बंद करने का फैसला लिया है। इसके लिए हरियाणा के गृह मंत्रालय की तरफ से आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार हरियाणा राज्य के अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जिंद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा जिलों के अधिकार क्षेत्र में वॉयस कॉल को छोड़कर, मोबाइल नेटवर्क पर प्रदान की जाने वाली मोबाइल इंटरनेट सेवाएं, बल्क एसएमएस और सभी डोंगल सेवाएं आदि निलंबित कर दी गई। बता दें कि हरियाणा सरकार का ये आदेश 11 फरवरी की सुबह 6 बजे से 13 फरवरी की रात 11:59 बजे तक लागू रहेगा।

## दिल्ली शराब नीति बनाने में शामिल थे संजय सिंह, मिला मोटा पैसा, हाई कोर्ट ने कहा- जमानत देने का आधार नहीं बनता

एजेंसी।

दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में AAP सांसद संजय सिंह को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने कहा कि केस के इस स्टेज पर आरोपी को जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता है। अदालत ने इस बात का भी संज्ञान लिया कि संजय सिंह दिल्ली की शराब नीति बनवाने में शामिल थे। इसमें उन्हें मोटा कमीशन मिला। संजय सिंह ने कोर्ट में कहा था कि शराब घोटाले में उनकी कोई भूमिका नहीं है इसीलिए जमानत दिया जाए।

वहीं ED के मुताबिक शराब घोटाले से जो आर्थिक लाभ हुआ, उसे पाने, रखने, छुपाने और इस्तेमाल करने में सिंह शामिल थे। ED ने कहा कि दिनेश अरोड़ा के अलावा कई और लोग भी है जिन्होंने संजय सिंह का नाम लिया है। सबूतों के आधार पर



कोर्ट ने संजय सिंह की भूमिका के बारे में मुहर लगा दी है। 4 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किए गए संजय सिंह तीन महीने से अधिक समय से हिरासत में हैं।

**शराब नीति बनाने में शामिल थे संजय सिंह**

दिल्ली हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने अपने 43-पृष्ठ के फैसले में कहा, "प्रथम दृष्ट्या, यह स्पष्ट है कि संजय सिंह पुरानी आबकारी नीति की तैयारी का हिस्सा थे और उसके बाद, नई आबकारी नीति को आरोपियों को फायदा पहुंचाने के अनुरूप बनाई गई थी, इसके लिए उन्हें मोटा पैसा मिला था।

## पाकिस्तान चुनाव में किसी को बहुमत नहीं, जोड़ तोड़ शुरू, इमरान की पार्टी ने चुनाव आयोग को दे डाली ऐसी धमकी



एजेंसी। पाकिस्तान के आम चुनाव में किसी भी एक पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के मद्देनजर गठबंधन सरकार के गठन के लिए चर्चाएं और जोड़ तोड़ की कोशिशें शुरू हो गई हैं। त्रिशंकु संसद बनने के आसार के बीच गठबंधन सरकार बनाने के प्रयासों को तब गति मिली जब पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने शुक्रवार को प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों से पाकिस्तान को मौजूदा कठिनाइयों से बाहर निकालने के लिए हाथ मिलाने की अपील की. माना जाता है कि शरीफ को शक्तिशाली सेना का समर्थन प्राप्त है.

### पाकिस्तान चुनाव के परिणाम इस प्रकार

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने गुरुवार के चुनाव में नेशनल असेंबली में 101 सीट पर जीत हासिल की है. पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा 265 में से 255 सीटों के घोषित परिणाम के अनुसार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने 73, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने 54 और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट(एमक्यूएम) ने 17 सीट पर जीत हासिल की है. अन्य सीटों पर छोटे दलों को जीत मिली है.

**पाकिस्तान में सरकार बनाने के लिए क्या है समीकरण** पाकिस्तान में सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को नेशनल असेंबली में 265 में से 133 सीट जीतनी होगी. एक उम्मीदवार की मौत के बाद एक सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था. कुल मिलाकर, साधारण बहुमत हासिल करने के लिए 336 में से 169 सीट की आवश्यकता है, जिसमें महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए सुरक्षित सीट भी शामिल हैं.

## हल्द्वानी हिंसा के बाद पुलिस की कार्यवाही, 5 उपद्रवियों को किया गिरफ्तार

एजेंसी। उत्तराखंड के हल्द्वानी में गुरुवार के दिन भीषण हिंसा देखने को मिला। हल्द्वानी के वनभूलपुरा इलाके में एक अवैध मस्जिद को ढहाए जाने के बाद हिंसा भड़क गई। इस दौरान पुलिस पर भीषण पथराबाजी की गई, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हुए। इसके बाद से हल्द्वानी में कर्फ्यू लागू कर दिया गया और दंगाइयों को देखते ही गोली मारने का आदेश जारी कर दिया गया। बता दें कि हल्द्वानी अब भी कर्फ्यू लागू है और इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया गया है। इस बीच वनभूलपुरा मामले में नैनीताल पुलिस ने 5 उपद्रवियों को त्वरित



कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।हल्द्वानी हिंसा के 5 आरोपी गिरफ्तार

नगर निगम और पुलिस द्वारा दी गई शिकायत में 3 आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज कराए गए थे। मामलों की जांच के लिए टीमों का गठन किया गया। सीसीटीवी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर 5 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। वनभूलपुरा क्षेत्र को छोड़कर अन्य क्षेत्रों से फिलहाल के लिए कर्फ्यू हटा दिया गया है। केवल अति आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति की जा रही है। साथ ही वनभूलपुरा थाने को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। बता दें कि इस घटना के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को सुनिश्चित करने के लिए टीमें गठित की गई हैं, जो गिरफ्तारी के लिए लगातार काम कर रही हैं।

## 'आपके मम्मी-पापा मुझे वोट न दें, तो 2 दिन तक खाना मत खाना', शिवसेना विधायक ने स्कूली बच्चों से कहा

हिंगोली (महाराष्ट्र): कलामनुरी निर्वाचन क्षेत्र से मनमौजी शिवसेना शिंदे गुट के विधायक संतोष एल. बांगर ने अक्टूबर 2024 के आसपास होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए समय पूर्व अभियान के दौरान एक बार फिर सत्तारूढ़ महायुति सरकार को शर्मसार किया है। खुद बीच में ही स्कूल की पढ़ाई छोड़ देने वाले 43 वर्षीय बांगर ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के लख गांव में एक प्राथमिक विद्यालय के 10 साल से कम उम्र के लगभग 50 छात्रों की एक बैठक को 'संबोधित' किया। उन्होंने स्कूली बच्चों के सामने एक अजीब भाषण दिया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। उन्होंने बच्चों से कहा कि अगर उनके माता-पिता अगले चुनाव में उन्हें



(बांगर को) वोट नहीं देते हैं तो वे दो दिन तक खाना न खाएं। बांगर को बच्चों से लगभग कठोर स्वर में कहते सुना गया, "यदि आपके माता-पिता आपसे पूछते हैं कि आप खाना क्यों नहीं खा रहे हैं, तो उन्हें बताएं कि भूख अनशन तोड़ने से पहले उन्हें 'संतोष बांगर' के लिए वोट करना होगा।"

यूएई

### वह राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ होगी वार्ता

# यूएई के पहले हिन्दू मंदिर का करेंगे मोदी उद्घाटन

नई दिल्ली : एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 फरवरी से संयुक्त अरब अमीरात (UAE) की दो दिवसीय यात्रा करेंगे, जिस दौरान वह राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ विभिन्न विषयों पर वार्ता करेंगे और अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे।

विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि यह 2015 के बाद से प्रधानमंत्री की संयुक्त अरब अमीरात की 7वीं यात्रा होगी। इसमें कहा गया है कि मोदी और अल नाहयान दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा, विस्तारित और मजबूत करने के तरीकों पर वार्ता करेंगे और आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।



**ये रहेगा मोदी का कार्यक्रम-**

विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री संयुक्त अरब अमीरात के उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से भी मुलाकात करेंगे।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, उनके निमंत्रण पर, प्रधानमंत्री दुबई में आयोजित होने वाले वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट 2024 में सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लेंगे और शिखर सम्मेलन में एक विशेष संबोधन देंगे।

मोदी अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर बीएपीएस मंदिर का उद्घाटन भी करेंगे, साथ ही वह जायद स्पोर्ट्स सिटी में एक कार्यक्रम में संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत और यूएई के बीच मजबूत राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों पर आधारित मधुर, घनिष्ठ और बहुआयामी संबंध हैं।

**2015 के बाद यह 7वां दौरा**

अगस्त 2015 में मोदी की यूएई की ऐतिहासिक यात्रा के बाद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया। दोनों देशों ने फरवरी 2022 में एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) और सीमा पार लेनदेन के लिए भारतीय रुपये और एईडी (संयुक्त अरब अमीरात दिरहम) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जुलाई 2023 में एक स्थानीय मुद्रा निपटान (एलसीएस) प्रणाली पर हस्ताक्षर किए। आधिकारिक आंकड़े के अनुसार, 2022-23 में लगभग 85 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ दोनों देश एक-दूसरे के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से एक हैं। साल 2022-23 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में यूएई भारत के शीर्ष चार निवेशकों में से एक है। विदेश मंत्रालय ने कहा, "लगभग 35 लाख की आबादी वाला भारतीय समुदाय संयुक्त अरब अमीरात में सबसे बड़ा प्रवासी समूह है।

## 'मैं गरीब हूं लेकिन धोखेबाज नहीं, पीएम मोदी के साथ ही रहेंगे', जीतन राम मांझी

एजेंसी। बिहार में जारी सियासी खींचतान के बीच राज्य के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने अपने X प्रोफाइल पर ट्वीट किया है। उन्होंने इस ट्वीट में लिखा- "मेरे लिए कोई सत्ता की कुर्सी मायने नहीं रखती। बस गरीबों, मजलूमो, दबे-कुचलों के हक और हकूक की आवाज उठती रहे उनका काम हो यही काफी है। मैं गरीब ज़रूर हूं पर कुर्सी के लालच में किसी को धोखा नहीं दे सकता। मोदी जी के साथ थें, मोदी जी के साथ हैं, मोदी जी के साथ रहेंगें।बिहार में एनडीए गठबंधन की सरकार के लिए जीतन राम मांझी की पार्टी के विधायकों को काफी महत्व है। ऐसे में ये भी कहा जा रहा था कि लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद की ओर से मांझी को सीएम का पद भी ऑफर किया जा रहा है।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

संक्षिप्त खबरें...



## 3 अवैध प्लॉटिंग पर त्वरित कार्रवाई, चलवाया बुलडोजर

**दुर्ग ।** कलेक्टर ऋचा प्रकाष चौधरी के निर्देष के परिपालन में अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग मुकेश रावटे एवं अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता द्वारा अवैध प्लॉटिंग निरीक्षण के दौरान दो ग्रामों में 03 अवैध प्लॉटिंग पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई की गई है। उन्होंने अपनी उपस्थिति में जेसीबी के माध्यम से बनाए गए रास्ता को ध्वस्त करवाया। दुर्ग तहसील के ग्राम चंदखुरी के भूमिस्वामी शिव कुमार पिता रेखुराम द्वारा भूमि खसरा नंबर 1058/1 रकबा 0.322 हेक्टेयर में, गीता देवी पति रोशन देशमुख की भूमि खसरा नंबर 1069/2 रकबा 0.20 हेक्टेयर में तथा ग्राम अंडा के भूमस्वामी सुंदरी पति दयाराम की भूमि खसरा नंबर 158 रकबा 0.52 हेक्टेयर पर अवैध प्लॉटिंग हेतु तैयार किए गए सड़क रास्ता आदि स्ट्रक्चर को उखड़वाया गया। एसडीएम मुकेश रावटे ने बताया कि अवैध प्लॉटिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए सभी पटवारियों से अवैध प्लॉटिंग की जानकारी मांगी जा रही है।




## महतारी वंदन योजना के आवेदन के लिए उमड़ी भीड़

**दुर्ग ।** महतारी वंदन योजना शासन की महती योजना है। राज्य शासन व्दारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सदा सुधार परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना के तहत् जिले में पात्र महिला हितग्राहियों से फार्म जमा करने की प्रकिया आज तीसरे दिन भी जारी रहा। जिसमें महिलाओं में योजना का लाभ लेने के लिए काफी उत्साह भी देखा जा रहा है। अब तक 1 लाख 20 हजार 741 फार्म जमा हुए है। महतारी वंदन योजना का आवेदन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के व्दारा निःशुल्क वार्ड/ग्राम पंचायत में दिया जा रहा है, वही आवेदिकाओं व्दारा आवेदन पत्र को भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पुनः आंगनबाड़ी केन्द्रों में जमा किया जा रहा है, जिसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आवेदनों का सत्यापन कर उसे महतारी वंदना योजना के सॉफ्टवेयर में ऑनलाईन एन्ट्री किया जा रहा है। अब तक 401 फार्म अपडेट हो चुके है। आवेदन को लेकर विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां फैलाई जा रही है। फर्जी साइट भी वायरल हो रहा है। हितग्राहियों को सचेत किया गया है कि इस तरह फर्जी साइट में फार्म न भरें। आंगनबाड़ी केन्द्रों में महिलाएं काफी संख्या में आवेदन भरने पहुँच रही है। जिले में ऑनलाईन फार्म और ऑफलाईन पंजीयन शुरू हो गया है। जिला स्तर पर फार्म भरने के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है ताकि महिलाओं को फार्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। जिले के हितग्राही 05 फरवरी से आगामी 20 फरवरी 2024 तक निःशुल्क आवेदन कर सकते है। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल तथा मोबाईल एप्प के माध्यम से स्वयं भी आवेदन कर सकती है। इस योजना के तहत फार्म आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत स्तर पर, शहरी क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी स्तर पर सहित परियोजना कार्यालय, जिला कार्यालय में उपलब्ध है। तीसरे दिवस भी महतारी वंदन योजना का फार्म भरने महिलाएं उमड़ पड़ी और आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना फार्म भरा।

# मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के संबंध में राजनैतिक दलों एवं मीडिया की बैठक संपन्न

**दुर्ग**

निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2024 मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में राजनैतिक दलों और मीडिया की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और मीडिया को निर्वाचक नामावली विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अवगत कराया कि जिले में कुल संसदीय निर्वाचक क्षेत्र 01 (07 दुर्ग(सामान्य)), कुल विधानसभा क्षेत्र 06 है जिसमें 62 पाटन, 63 दुर्ग ग्रामीण, 64 दुर्ग शहर, 66 वैशाली नगर, 65 भिलाई नगर एवं 67 अहिवारा विधानसभा तथा आंशिक विधानसभा 68 साजा एवं 69 बेमेतरा है। कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1479 है। निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2024 की स्थिति में प्रारंभिक




प्रकाशन 06 जनवरी 2024 तक की स्थिति में पुरूष 714106, महिला 721472, थर्ड जेंडर 54 है, जिसमें कुल 1435632 मतदाता है। इसी प्रकार अंतिम प्रकाशन 08 फरवरी 2024 तक की स्थिति में पुरूष 700301, महिला 708020, थर्ड जेंडर 55 है। जिसमें कुल 1408376 मतदाता है। वर्तमान में विधानसभावार मतदाता संख्या 08 फरवरी 2024 की स्थिति में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62 पाटन में 246 मतदान केन्द्र है, जिसमें पुरूष 106799, महिला 108082 एवं अन्य 02 तथा कुल 214883 मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 दुर्ग ग्रामीण में 227 मतदान केन्द्र है, जिसमें 108009, महिला 108944 एवं अन्य 05 तथा कुल 216958 मतदाता है। विधानसभा क्रमांक 64 दुर्ग शहर में 215 मतदान केन्द्र है, जिसमें पुरूष 111599, महिला 116384 एवं अन्य 22 तथा कुल 228005 मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 65 भिलाई नगर में 167 मतदान केन्द्र है, जिसमें पुरूष 81333, महिला 81080 एवं अन्य 03 तथा कुल 162416 मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 66 वैशाली नगर में 242 मतदान केन्द्र है, जिसमें पुरूष 123994, महिला 123971 एवं अन्य 10 तथा कुल 247975 मतदाता है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 67 अहिवारा में 259 मतदान केन्द्र है, जिसमें पुरूष 115480, महिला 117390 एवं अन्य 10 तथा कुल 232880 मतदाता है। आंशिक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा में 101 मतदान केन्द्र है, जिसमें पुरूष 43884, महिला 43127 एवं अन्य 03 तथा कुल 87014 मतदाता है। आंशिक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 69 बेमेतरा में 22 मतदान केन्द्र है, जिसमें पुरूष 9203, महिला 9042 तथा कुल 18245 मतदाता है।

# महतारी वंदन योजना फार्म भरने महिलाएं आंगनबाड़ी केन्द्र, वार्ड कार्यालय पहुंच रही

**राजनांदगांव**

जिले में शासन की महतारी वंदन योजना अंतर्गत फार्म भरने के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केन्द्र एवं वार्ड कार्यालय में पहुंच रही हैं। वहीं दूसरी ओर ऑनलाईन भी फार्म भरे जा रहे हैं। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इस योजना के प्रति महिलाओं में उत्साह एवं हर्ष व्याप्त है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में महतारी वंदन योजना के फार्म भरवाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। महिलाओं ने इस योजना का लाभ लेने के लिए आज 38 हजार 352 फार्म भरे हैं। अब तक कुल 96 हजार 686 आवेदन जमा किए गए हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि शासन की महतारी वंदन योजना के प्रति महिलाओं में जागरूकता एवं उत्साह है। जिले में पर्याप्त संख्या में फार्म उपलब्ध हैं। पात्र हितग्राहियों को शासन की इस महती योजना से लाभ मिले इसके लिए लगातार फार्म भराए जा रहे है। उन्होंने कहा कि फार्म भरने में कोई दिक्कत नहीं हो, इसके लिए महिलाओं को मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है और उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने




कहा कि शासन की यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हरसंभव कार्य किए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। योजनांतर्गत आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 है और पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च 2024 को किया जाएगा।

महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए विभाग द्वारा और मोबाइल ऐप जारी किया गया है, इस लिंक और एप्प पर महिलाएं ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। आवेदन के लिए किसी भी तरीके का शुल्क नहीं देना है। इसके अलावा महिलाएं अपने इलाके के आगंनबाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत सचिव, बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) और वार्ड प्रभारी से संपर्क कर उनके लॉगिन यूजर आईडी से आवेदन कर सकती हैं।

## एलईडी वाहन से जन-जन तक शासन की योजनाओं की पहुँच रही जानकारी



**कोरबा ।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार एलईडी वाहन के माध्यम से किया जा रहा है। यह प्रचार वाहन जिले के सभी विकासखंडों के दूरस्थ ग्राम पंचायतों और हाट-बाजारों में पहुंचकर लोगों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कराकर उन्हें शासकीय योजनाओं से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस प्रचार रथ में एलईडी वाहन द्वारा विगत दिवस जिले के करतला के नोनबिर्रा,कोटमेर, बड़मार सहित अन्य गांवों में पहुँचकर लघु चलचित्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को सरकार की योजनाओं से जुड़ने एवं लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी चलचित्रों के माध्यम से दिया जा रहा है। जिसमें किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ एवं 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, 3716 करोड़ रुपये 13 लाख किसानों को मिला 2 वर्ष का बकाया धान का बोनस, तेंदूपत्ता संग्रहण में लगे श्रमिकों की पारिश्रमिक 4000 से बढ़ाकर 5500 रुपए, रामलला दर्शन योजना के तहत राज्य के तीर्थ यात्रियों को अयोध्या में रामलला के दर्शन जैसे अन्य योजनाओं की जानकारी शामिल है। प्रचार वाहन से अगले एक माह तक दूरस्थ ग्रामों में घूमकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।

# मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

**राजनांदगांव ।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरट सभाकक्ष में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 कार्यक्रम के संबंध में प्रेसवार्ता ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को किया गया हैं। इसके अंतर्गत एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन शनिवार 6 जनवरी 2024 का किया गया था। दावे एवं आपत्ति भरने की अवधि बुधवार 6 जनवरी 2024 से सोमवार 22 जनवरी 2024 तक थी। विशेष अभियान की तिथियां शनिवार 13 जनवरी 2024 एवं रविवार 14 जनवरी 2024 निर्धारित थी। दावे एवं आपत्तियों का निराकरण शुक्रवार 2 फरवरी 2024 को किया गया। स्वास्थ्य मापदंडों की जांच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की स्वीकृति तथा डेटाबेस को अद्यतन और पूरकों की छपाई मंगलवार 6 फरवरी 2024 को किया गया और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन गुरूवार 8 फरवरी 2024 को किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु सेक्टर अधिकारियों की नियुक्त कर ली गई है। मतदान दल गठन एवं अन्य निर्वाचन कार्य हेतु जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की प्रवृष्टि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रदाय सॉफ्टवेयर पीपीईएस पर कराया जा रहा है। जिले के 840 मतदान केन्द्रों में से 430 मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग किया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग जारी कार्यक्रम अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु ईवीएम मशीनों का प्रथम स्तरीय जांच 5 फरवरी 2024 से 14 फरवरी 2024 तक ईसीआईएल के इंजीनियरों द्वारा किया जा रहा है। प्रथम स्तरीय जाँच (एफएलसी) का कार्य ईवीएम वेयरहाऊस जिला कार्यालय परिसर राजनांदगांव में किया जा रहा है। प्रथम स्तरीय जांच के दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति उपस्थित होकर कार्य का अवलोकन कर सकते है। जिले में वर्तमान में 2440 बीयू, 1336 सीयू एवं 1708 वीवीपेट उपलब्ध है। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रत्येक




मतदान केन्द्र हेतु उसी मतदान केन्द्र के एक मतदाता को अपने दल की ओर से बीएलए नियुक्त कर सकते है। उच्चतम न्यायालय द्वारा ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग के संबंध में जारी निर्देशों के अनुरूप आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 एवं अन्य अवसरों पर उपयोग कर सकेंगे। ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप केवल संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति से ही किए जा सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला स्तरीय कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। कार्यालयीन समय में 1950 नम्बर पर संपर्क कर निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल एवं मतदाता हेल्पलाइन ऐप की सहायता से मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम खोजने मतदाता पंजीकरण, संशोधन एवं विलोपन के लिए ऑनलाईन फॉर्म भरने, ई-इपिक डाऊनलोड करने, डिजिटल फोटो मतदाता पर्ची डाउनलोड करने, शिकायत करने, मतदान केन्द्र का विवरण खोजने का कार्य आसानी से कर सकते हैं। साथ ही वोटर आईडी कार्ड के साथ आधार लिंक करने के लिए फार्म 6बी ऑनलाईन एप्लाई कर सकते है। एनजीएस पोर्टल का उपयोग मतदाता द्वारा मतदाता परिचय पत्र प्राप्त न होना, आवेदन फार्म का निराकरण नहीं होना या अन्य शिकायतों को दर्ज करने के लिए किया जा सकते हैं। विधानसभावार कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1006 है, जिसमें राजनांदगांव जिला अंतर्गत 840 मतदान केन्द्र एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत 97 मतदान केन्द्र तथा मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत 69 मतदान केन्द्र है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 270 है। इसके अंतर्गत खैरागढ़ तहसील (जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई) में मतदान केन्द्रों की संख्या 97, डोंगरगढ़ तहसील में मतदान केन्द्रों की संख्या 80 एवं राजनांदगांव तहसील में मतदान केन्द्रों की संख्या 93 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 223 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 252 है। इसके अंतर्गत डोंगरगांव तहसील में मतदान केन्द्रों की संख्या 132 एवं डोंगरगढ़ तहसील में मतदान केन्द्रों की संख्या 120 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 261 है।

# एनेमिक मरीजों का गंभीरता से करें इलाज: कलेक्टर

**दुर्ग**

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चिकित्सकीय गतिविधियों को लेकर बिंदुवार चर्चा की गई। जिसमें कलेक्टर ऋचा प्रकाष चौधरी ने जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कराने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, उनकी जॉच, टीकाकरण व उनके सुरक्षित प्रसव की जानकारी ली। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के चिकित्सकीय गतिविधियों की समीक्षा की तथा सिकल सेल, मलेरिया, फाइलेरिया, क्षय नियंत्रण, कुष्ठ रोग व तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम आदि के संबंध में भी गहन चर्चा की। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का करें चिन्हांकनः कलेक्टर सुश्री चौधरी ने



उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं के चिकित्सकीय गतिविधियों पर विषेश निर्देष दिए। बैठक में उन्होंने समस्त स्वास्थ्य संस्था को प्रत्येक माह गर्भवती महिलाओं एवं उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सूची बनाकर, फॉलोअप करने व मॉनिटरिंग करने के निर्देष दिए। साथ ही डॉक्टरों को स्पस्ट रूप से एनेमिक महिलाओं की गंभीरता से जांच के निर्देष दिए। कलेक्टर ने खण्ड चिकित्सा अधिकारी व सेक्टर अधिकारी को गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकित कर उनका पंजीयन कर गर्भावस्था की जांच कराने के निर्देष दिए। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य संस्थाओं में उपलब्ध सोनोग्राफी मषीन को पुनः संचालित कराने को कहा। इसके अलावा जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य संस्थाओं एवं सूचकांकों को षुध्द करने हेतु कलेक्टर ने समस्त जिला स्तर के अधिकारी, नोडल अधिकारी, बीएमओ, सीपीएम एवं आरएमएनसीएचए कल्सल्टेंट सेक्टर स्तर पर प्रत्येक षनिवार को होने वाले सेक्टर बैठक में समीक्षा करने के निर्देष दिए। स्वास्थ्य सेवाओं में मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भुमिका को देखते हुए उनसे समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

# भिलाई इस्पात मजदूर संघ के लगातार प्रयास से कर्मचारियों के प्रमोशन

**भिलाई ।** भिलाई इस्पात मजदूर संघ की कोर कमेटी की बैठक मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर ,महाप्रबंधक जे एन ठाकुर के साथ हुई जिसमें संदीप माथुर ने जानकारी दी की यूनियन की प्रमोशन पॉलिसी में सुधार हेतु मांग पर प्रबंधन द्वारा कमेटी गठित कर दी गई है जो यूनियन द्वारा सुझाए गए बिंदु पर एक महीने के अंदर अपनी रिपोर्ट देगी ठेका श्रमिकों को उनका निर्धारित वेतन दिलाने की मांग ठेका प्रकोष्ठ द्वारा लगातार सभी मंच पर उठाई जा रही थीकम वेतन देने का सबसे प्रमुख कारण इंजीनियरिंग एस्टीमेट से कम दर पर ठेकेदारों द्वारा ठेका लेना रहा है ठेका प्रकोष्ठ द्वारा प्रबंधन से इंजीनियरिंग एस्टीमेट से कम दर पर ठेके होने पर रोक लगाने की मांग की जा रही थी जिस पर



प्रबंधन ने संज्ञान लेते हुए ठेका कार्य में लगने वाले श्रमिकों के वेतन भत्तो सहित न्यूनतम 3.85 प्रतिशत से कम पर ठेका न करने का नियम बना दिया है जो कि अब होने वाले ठेकों पर लागू होगा जिसके परिणाम स्वरूप वर्षो से पूर्ण वेतन प्राप्त करने का इंतजार कर रहे ठेका श्रमिकों को अब शासन द्वारा निर्धारित पूर्ण वेतन वास्तविक रूप से बीएमएस के प्रयास से मिलना शुरू होगा महामंत्री चन्ना केशवलू ने प्रबंधन के इस निर्णय को ऐतिहासिक बताया जो कि संयंत्र में कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों के परिवार की आर्थिक दशा में सुधार लाएगा बीएमएस के इस प्रयास से ठेकेदारो को भी फायदा हुआ है, एचएसएलटी ठेका श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को नियमित कर्मचारियों के समान मेडिकल सुविधा देने उनके वेतन में बढ़ोतरी तथा उनके गेट पास में पर्सनल नंबर जोड़ने की मांग की जिस पर सकारात्मक प्रयास की जानकारी दी गई प्रबंधन की ओर से आर के महाराणा, साई राम जाखड यूनियन से कार्यकारी अध्यक्ष रवि शंकर सिंह महामंत्री चन्ना केशवलू ठेका प्रकोष्ठ अध्यक्ष हरी शंकर चतुर्वेदी महामंत्री वशिष्ठ वर्मा शामिल हुए ।

## संक्षिप्त खबरें...

### 5 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



**रायपुर।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संतोष सिह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है।

एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अन्तर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन गेट नम्बर 02 के पास एक व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध श्री पीताम्बर पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्री योगेश साहू, एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री दिनेश सिन्हा द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गंज को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम अशीष सैनी निवासी मेरठ, उत्तर प्रदेश का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 05 किलो 300 ग्राम गांजा जुमला कीमती लगभग 53,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गंज में अपराध क्रमांक 64/2024 धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।



### जुआ खेलते 07 जुआरी गिरफ्तार

रायपुर। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को जुआ/सट्टा खेलने एवं खिलाने वालों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है।

मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना उरला क्षेत्रांतर्गत पारधीपारा स्थित एक मकान में कुछ व्यक्ति ताशपत्ती से रूपयों का हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना उरला पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये उक्त स्थान में जाकर मकान में रेड कार्यवाही कर जुआ खेलते 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी रकम 49,900/-रू. एवं ताशपत्ती जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना उरला में अपराध क्रमांक 62/24 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 05 के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# रायपुर लोकसभा चुनाव कार्यालय में आवश्यक बैठक संपन्न




**रायपुर।** लोकसभा चुनाव में अब कुछ ही महीने का समय बाकी है ऐसे में भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने अपने बड़े नेताओ को मैदान में उतारने की योजना पर काम शुरू कर चुकी है अलग अलग लोकसभा के समीकरण के हिसाब से कार्ययोजना बनाई जा रही है इसके लिए पार्टी लोकसभा को क्लस्टर में बांट कर बड़े नेताओ को क्लस्टर की जिम्मेदारी देकर क्रियान्वयन कर रही है छत्तीसगढ़ के दृष्टिकोण से 3 क्लस्टर बनाए गए हैं ।

जिसमे रायपुर क्षेत्र की आवश्यक बैठक आज लोकसभा चुनाव कार्यालय में क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत के नेतृत्व में संपन्न हुई क्लस्टर प्रभारी विधायक राजेश मूणत ने आज बैठक में कहा आगामी 29 तारीख तक हमे लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से प्रत्येक विधानसभा में कार्यालय का उद्घाटन करना है भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा छत्तीसगढ़ भाजपा को जो भी निर्देश और कार्य योजनाएं मिलेंगी उसका पालन प्रदेश भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अक्षरसह करेगा हम सभी को एकजुट होकर पार्टी की सबसे सूक्ष्म इकाई बूथ तक ऐसा समायोजन स्थापित करना है की बूथ से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक सभी संवाद पारदर्शी बने रहे और क्लस्टर प्रभारियों का मुख्य कार्य यही पारदर्शी संवाद स्थापित करना है हमे जितनी भी जिम्मेदारियां शीर्ष नेतृत्व से प्राप्त होंगी उन्हे बूथ तक पहुंचाना और उन पर क्रियान्वयन करवाना उदाहरणतः नव-मतदाता सम्मेलन , गांव चलो घर घर चलो अभियान , मीडिया , सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग

हमे पार्टी ज्वाइनिंग का अभियान चलाना है महिला समूहों और गैर राजनीतिक संस्थाओं का भी एक अभियान चलाना है , गांव चलो घर घर चलो अभियान जिसका शुभारंभ हो चुका है उसे आगामी 7 फरवरी तक जिला से लेकर मंडल , वार्ड और बूथ तक पहुंचाना उन्होंने आगे कहा जिस प्रकार कार्यकर्ताओ की अथक मेहनत के फलस्वरूप भाजपा ने मात्र 5 वर्षों में ही जबरजस्त वापसी की है उसी तरह छत्तीसगढ़ की ग्यारह की ग्यारह लोकसभा सीटें मोदी जी को उपहार में देनी है ।

लोकसभा कार्यालय में उपस्थित विधायको एवं पदाधिकारियों ने नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव का पुष्पमाला पहना कर अभिनंदन किया प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा की हम सभी कार्यकर्ताओ का यह दायित्व है की लोकसभा चुनाव में अपनी मेहनत को विजयश्री में परिवर्तित कर छत्तीसगढ़ से ऐतिहासिक ग्यारह की ग्यारह लोकसभा सीटें जितवा कर भाजपा और नरेंद्र मोदी को उपहार स्वरूप दें उन्होंने आगे कहा की प्रदेश की जिम्मेदारी के साथ ही रायपुर लोकसभा क्षेत्र में प्राप्त दायित्वों का निर्वहन हमारे द्वारा किया जायेगा मैं रायपुर लोकसभा के कार्यकर्ताओ के लिए सदैव उपलब्ध रहूंगा किसी प्रकार की समस्या या अड़चन होने पर सभी कार्यकर्ता मुझसे सीधे संपर्क कर सकते हैं ।

रायपुर लोकसभा प्रभारी संदीप शर्मा ने कहा की हमारे द्वारा चुनाव प्रबंधन समिति का निर्माण किया गया है जो लोकसभा चुनाव समापन तक चुनाव संबंधी हर क्रियान्वयन में निर्णय लेकर कार्य करेगी , कोर कमेटी का भी निर्माण किया गया है जिसमे विधायक एवं प्रदेश पदाधिकारियों को शामिल किया गया ताकि उन सभी वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन भी हम सभी को प्राप्त होता रहे ।

लोकसभा चुनाव कार्यालय में आहूत बैठक में विशेष रूप से अशोक बजाज , विधायक मोतीलाल साहू , पुरंदर मिश्रा , गुरु खुशवंत साहेब , शिवरतन शर्मा , लक्ष्मी वर्मा , किशोर महानंद , सच्चिदानंद उपासने , छगन मुंदड़ा , श्याम नारंग , गोवर्धन खंडेलवाल , प्रफुल्ल विश्वकर्मा , ओंकार बैस, डॉ. सलीम राज , मिर्जा एजाज बेग , रमेश सिंह ठाकुर , सत्यम दुवा , अकबर अली , गोपी साहू , ललित जयसिंह , सुनील पिल्लई, आदित्य कुरील, संदीप ऊपारकर।

# कैंसर पीड़िता को आत्मनिर्भर बनाने आगे आई सेवा भावी संस्था जिंदगी ना मिलेगी दोबारा



**रायपुर।** कहते हैं जीवन में आत्म निर्भरता दोहरा बदलाव लाता है।इसमें कुछ झड़ता है, तो कुछ सृजित होता है। 32 साल की बेसहारा लड़की सीतू ( काल्पनिक नाम) विगत 5 वर्षों से ब्लड कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही है , जो हिंदी अंग्रेजी टाइपिंग ,कम्प्यूटर में दक्ष होने के साथ ही साथ सहर के अनेक प्रतिष्ठित व्यवसायिक संस्थान में कार्यरत होने का अनुभव रखने के बावजूद आज अपने इस बीमारी के चलते 8 माह से बेरोजगार है । जैसे ही उनके नियोक्ता को यह जानकारी होती है कि नीतू को ब्लड कैंसर है उसे किसी भी बहाने बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। एक तो शारीरिक परेशानी उपर से बेरोजगारी , इस विषम परिस्थिति में भी उसने हार नहीं मानी। उन्हे किसी ने बताया कि जिंदगी ना मिलेगी दोबारा रायपुर की एक ऐसी प्रतिष्ठित समाज सेवी संस्था है जो किसी भी वास्तविक जरूरतमंद को मदद करने के लिए सदैव आगे आती है , सीतू ने संस्था प्रमुख सुषमा तिवारी से दूरभाष पर चर्चा कर मदद की गुहार लगाई और उन्हें अपनी आपबीती सुनाई । तब अपने संस्था के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों से चर्चा उपरांत सुषमा ने उक्त कैंसर की मरीज सीतू को उनकी अभिरुचि के अनुरूप एक सिलाई मशीन देने का मन बनाया ।इस काम में अपने ही संस्था की भाठागांव निवासी सम्मानित सदस्या राधिका सोनकर जो स्वयं बुटीक का काम करती हैं से चर्चा की तब राधिका ने सीतू को स्वयं के प्रयासों से एक सिलाई मशीन उपलब्ध कराया और काम शुरू करने कुछ नगद राशि के साथ ही अपने ही बुटीक सेंटर में बतौर सहयोगी काम देने के लिए भी आश्वस्त किया।

आगे ईश्वर ने चाहा तो अब सीतू अपने हौसलों के दम पर अपनी परिस्थितियों का रुख मोड़ कर बेहतर जीवन जी सकेगी।

## भव्य शोभा यात्रा के साथ गुप्त नवरात्रि में श्रीरुद्र महायज्ञ का आगाज हुआ



रायपुर। पुरानी बस्ती स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री राजराजेश्वरी महामाया मंदिर सार्वजनिक न्यास के तत्वाधान में जनकल्याणार्थ श्री दिव्य रुद्र महायज्ञ का आयोजन गुप्त नवरात्रि में किया जा रहा है। आज सोमवार माघ शुक्ल प्रतिपदा को भव्य शोभा यात्रा व जल ग्रहण उपरांत यज्ञ का शुभारंभ आचार्य पं राजेंद्र प्रसाद तिवारी (थान खमरिया वाले) के मार्गदर्शन में प्रारंभ हो गया है। महामाया देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास के सचिव व्यास नारायण तिवारी एवं न्यासी पं विजय कुमार झा ने बताया है कि शोभायात्रा मंदिर परिसर से अमीन पारा, नीली चौक, लाखे नगर, सारथी चौक होते हुए आजाद चौक से प्राचीन कंकाली तालाब में सुहागिन महिलाओं के द्वारा जल ग्रहण कर वापस शीतला मंदिर बाजार होते हुए मंदिर प्रांगण में पहुंचा। हजारों की संख्या में महिलाएं कलश लिए जयकारा करती हुई ढोल धमाल के साथ नगर भ्रमण की। न्यास समिति के अध्यक्ष आनंद शर्मा के मार्गदर्शन में यज्ञ का आज पीठ पूजन, पंचांग पूजन, यज्ञ मंडप प्रवेश आदि पूजा संपन्न हुआ? आज रविवार को प्रातः 7:30 बजे से 12 बजे तक प्रथम सत्र तथा द्वितीय सत्र में 3 बजे से 6 बजे तक यज्ञोपरांत, आरती प्रसादी वितरण होगा। आज प्रातः 10 बजे घर्षण के माध्यम से अरणीमंथन करते हुए अग्नि प्रज्वलित की जावेगी तथा हवन प्रारंभ होगा। 12:30 से 3 बजे तक विश्राम उपरांत संध्या 3 से 6 पुनः यज्ञ होगा?

# मेकाहारा में बुनियादी सुविधाओं को परखने नगर निगम कमिश्नर के नेतृत्व में टीम पहुंची



**रायपुर।** प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय चिकित्सालयों में शुमार मेकाहारा हॉस्पिटल के परिसर में सफाई, सुरक्षा व अन्य बुनियादी सेवाओं की समीक्षा करने कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में अस्पताल की डीन श्रीमती तृप्ति नागरिया के साथ नगर निगम, पीएचई, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण भ्रमण किया। इस दौरान आउट सोर्सिंग एजेंसी को कहा गया है कि नगर निगम के साथ मिलकर साफ सफाई व्यवस्था व पुलिस के साथ समन्वय कर लोक सुरक्षा के प्रबंध सुदृढ़ किए जाए।

ज्ञात हो कि कलेक्टर डॉ. सिंह ने आज इन विभागों के आला अधिकारियों की बैठक लेकर मेकाहारा में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उनके निर्देश पर निगम आयुक्त श्री मिश्रा सहित अधिकारियों के दल ने परिसर का निरीक्षण किया। उपलब्ध स्वच्छता अमले की भी जानकारी ली गई है तथा नगर निगम जोन कमिश्नर श्री आर.के . डोंगरे को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत कर्मचारियों की संख्या का भौतिक सत्यापन के साथ ही संपूर्ण सफाई कार्यों का रिव्यू करें। निरीक्षण के दौरान मेकाहारा के पीछे बनीं नाली का निरीक्षण टीम ने किया है एवं जर्जर भवन को तत्काल तोड़ने की कार्यवाही के लिए मेकाहारा प्रबंधन को कहा गया है, जिससे कि नाला निर्माण कार्य तुरंत शुरू किया जा सकें। परिसर के बाहर मुख्य नाले का लेवल चेक भी जोन द्वारा किया जा रहा है, चोक की दशा में नाले की सफाई के लिए अमले लगाए जाएंगे। इसी तरह सीवर सिस्टम कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 12 लाख रुपए का प्राक्कलन तैयार कर डीन, मेकाहारा को प्रेषित किया गया है। स्वीकृति उपरांत लोनिवि द्वारा उक्त कार्य शुरू किया जाएगा। इसके अंतर्गत नाली निर्माण का कार्य भी प्रस्तावित है, जो कि लोनिवि द्वारा ही निष्पादित किया जाएगा। परिसर के भीतर सीवरेज टैंक भरे होने की जानकारी अस्पताल प्रबंधन द्वारा आज दी गई है, जिसमें से एक टैंक सूखा एवं एक भरा है। चूंकि मैनुअल सफाई संभव नहीं है, अतः मशीन प्रेशर से साफ करने 11 फरवरी को नगर निगम द्वारा वाहन भेजे जाने की जानकारी प्रबंधन को दी गई है।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मरीजों व उनके परिजनों के उपयोग हेतु निर्धारित वॉशरूम में भी टाईल्स, नल आदि टूटे पाए गए, हॉस्पिटल प्रबंधन को इसे शीघ्र सुधार कराने हेतु निर्देश दिए गए। मरीजों की सुविधा हेतु अस्पताल प्रबंधन को ऑनलाइन पंजीयन व्यवस्था एवं मरीजों व उनके परिजनों की सुविधा हेतु संकेतक लगाने के निर्देश दिए गए, जिससे उनको इधर-उधर भटकना न पड़ें। मुख्य मार्ग पर खाद्य सामग्री विक्रेताओं को भी स्वनिधि योजना से जोड़कर उनके लघु व्यवसाय को सुव्यवस्थित करने व कचरा मुक्त रखने की कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# बजट में कर प्रणाली का सुदृढ़ीकरण

कर प्रशासन में मजबूती एवं पारदर्शिता लाने के लिए सभी विभागों में आई.टी. टूल्स की सहायता ली जायेगी। कर प्राप्तियों में सुधार हेतु निगरानी तंत्र को भी मजबूत किया जायेगा।

राज्य की राजस्व प्राप्तियों का प्रमुख स्रोत वस्तु एवं सेवाकर है। वस्तु एवं सेवाकर के संकलन में सुधार एवं पारदर्शिता के लिए राज्य मुख्यालय में बिजनेस इंटेलिजेंस यूनिट की स्थापना की जायेगी। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) एवं मशीन लर्निंग का उपयोग करते हुए **data driven fraud analysis** सहित राजस्व संवर्धन के अन्य उपाय सुनिश्चित किये जायेंगे। इस हेतु 09 करोड़ 50 लाख का प्रावधान किया गया है।वस्तु एवं सेवा कर संबंधी अपीलीय मामलों के त्वरित निराकरण हेतु अधिकरण की स्थापना के लिए 05 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

आबकारी करावंचन के प्रकरणों पर नियंत्रण हेतु प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ की जायेगी। इसके लिए विभागीय पदों में वृद्धि, निरीक्षण हेतु वाहन व्यवस्था एवं मॉनीटरिंग हेतु कंप्यूटर उपकरण इत्यादि के लिए 03 करोड़ 88 लाख का प्रावधान किया गया है।

भूमि एवं भवनों का हस्तांतरण तथा अन्य विविध पंजीकृत संव्यवहार हेतु राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली (ह्तत्रक्क्र) सॉफ्टवेयर का उपयोग सभी जिलों में लागू किया जायेगा। इससे धोखाधड़ी एवं बेनामी लेन.देन की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा। विचाराधीन संपत्तियों का ऑटोवेल्यूवेशन मॉड्यूल के तहत बाजार मूल्य की ऑनलाईन गणना का विकल्प होने से राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि होगी। इसके लिए 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

**वर्ष 2024.25 का बजट अनुमान**

अध्यक्ष महोदय, अब मैं वर्ष 2024.25 का बजट अनुमान सदन के समक्ष प्रस्तुत करता हूँ।

वर्ष 2024.25 में 01 लाख 47 हजार 500 करोड़ की कुल प्राप्ति का अनुमान है, जो गत वर्ष की अनुमानित प्राप्तियों से 22 प्रतिशत अधिक है। कुल प्राप्तियों में राज्य की राजस्व प्राप्तियां 68 हजार 400 करोड़, केन्द्र से प्राप्तियां 57 हजार 500 करोड़ एवं पूंजीगत प्राप्तियां 21 हजार 600 करोड़ अनुमानित है।

वर्ष 2024.25 के लिए विनियोग का आकार 01 लाख 60 हजार 568 करोड़ का है। सकल व्यय से ऋणों की अदायगी एवं पुनर्प्राप्तियों को घटाने पर शुद्ध व्यय 01 लाख 47 हजार 446 करोड़ अनुमानित है। राजस्व व्यय 01 लाख 24 हजार 840 करोड़ एवं पूंजीगत व्यय 22 हजार 300 करोड़ है।

वर्ष 2023.24 में पूंजीगत व्यय प्रावधान 18 हजार 660 करोड़ था। वर्ष 2024.25 में 22 हजार 300 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो कि गत वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है।

प्रदेश में अनुसूचित जनजाति वर्ग एवं अनुसूचित जाति वर्ग के विकास के लिए आदिवासी उप योजना मद में 33 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति विशेष घटक योजना मद में 13 प्रतिशत राशि का प्रावधान किया गया है।

वर्ष 2024.25 के बजट में सामाजिक क्षेत्र के लिये 45 प्रतिशत, आर्थिक क्षेत्र के लिये 35 प्रतिशत एवं सामान्य सेवा क्षेत्र के लिये 20 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है।

**राजकोषीय स्थिति**

अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार द्वारा राजस्व संग्रहण के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग तथा प्रशासन को सरल एवं पारदर्शी बनाने के उपाय किये जा रहे हैं। इससे बिना कोई नया कर अधिरोपित किये राज्य के स्वयं के राजस्व में 22 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।17 दिसम्बर 2018 की स्थिति में राज्य का कुल ऋण भार 41 हजार 695 करोड़ था जो विगत 05 वर्षों के दौरान बढ़कर 91 हजार 520 करोड़ हो गया। इस प्रकार राज्य निर्माण के पश्चात् 18 वर्षों में लिए गए ऋण से भी अधिक का ऋण पिछली सरकार द्वारा केवल 05 वर्ष के दौरान ले लिया गया। जनवरी 2024 की स्थिति में राज्य का कुल ऋण भार राज्य के सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में 18 प्रतिशत है।

वर्ष 2024.25 में राज्य का सकल वित्तीय घाटा 19 हजार 696 करोड़ अनुमानित है। जिसमें केन्द्र से पूंजीगत व्यय हेतु विशेष सहायता ऋण 03 हजार 400 करोड़ शामिल है। भारत सरकार के निर्देश अनुसार यह राज्य के वित्तीय घाटे का भाग नहीं है। अतः इसे कम करने पर राज्य का शुद्ध वित्तीय घाटा 16 हजार 292 करोड़ होगा। जो राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 2.90 प्रतिशत है। इस प्रकार एफआर.बी.एम. एक्ट में निर्धारित 03 प्रतिशत की सीमा में है। राज्य की कुल राजस्व प्राप्तियां 01 लाख 25 हजार 900 करोड़ एवं कुल राजस्व व्यय 01 लाख 24 हजार 840 करोड़ अनुमानित है। अतः वर्ष 2024.25 में कुल 01 हजार 60 करोड़ का राजस्व आधिक्य अनुमानित है।

**कर प्रस्ताव** - अध्यक्ष महोदय, वर्ष 2024.25 के लिये कोई नया कर प्रस्ताव नहीं है, न ही करों की दर में वृद्धि का कोई प्रस्ताव है।

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अगुआई में भारत आज विश्वगुरु की भूमिका में पुनः आ गया है। आज हम विश्व की 05 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। कभी बीच में सांप.सपेरों के देश की दुर्भाग्यजनक पहचान बना दिये गए भारत को आज विश्व महाशक्ति के रूप में देखा जा रहा है। अमृतकाल में अगले 05 सालों के भीतर ही हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। हम न केवल इस विकास के भागीदार हैं, बल्कि इस विकास में हमारा बढ़.चढ़कर योगदान अपेक्षित है। भले ही हमने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन यह समय रुकने का नहीं है। मोदी जी के शब्दों में कहूँ तो यही समय है, सही समय है, जब हम कमर कसकर मां भारती को उसके पुरा वैभव की पुनर्स्थापना हेतु चल रहे महायज्ञ में भागीदार बनें। भले ही हमने बहुत कुछ हासिल कर लिया है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ प्राप्त करना शेष है। यह समय रुक जाने का नहीं है, बल्कि देश की प्रगति के लिए चलते रहने का है।

संपादकीय

## क्या फौज ने इमरान को मिले जनादेश को चुरा लिया?

पाकिस्तान की जनता ने इस बार कमाल की हिम्मत दिखाई। सब जानते थे कि इस बार फौज, नवाज़ शरीफ़ को जिताना चाहती है। इमरान खान को जेल में डाल दिया, उनकी पार्टी को चुनाव लड़ने से रोक दिया, इमरान की पार्टी के चुनाव निशान को फ्रीज कर दिया। इमरान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी को समर्थन करने वालों को डराया गया। इतना सब होने के बावजूद वहां की जनता ने बड़ी संख्या में ऐसे उम्मीदवारों को जिताया, जो इमरान खान के समर्थक हैं, पर पार्टी और चुनाव निशान न होने की वजह से ये निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लड़े। इन उम्मीदवारों की जीत बताती है कि अगर इमरान खान आज़ाद होते, उनकी पार्टी को खुलकर चुनाव लड़ने दिया गया होता, तो इस बार इमरान की PTI को दो-तिहाई बहुमत मिलता। लोगों ने इतनी पाबंदियों के बावजूद, इतने जुल्म के बावजूद इमरान खान के उम्मीदवारों को वोट डाला। ये वहां की जनता का मूड बताता है और ये मूड वहां की फौज के खिलाफ है। ये चुनाव इमरान का समर्थन करने वाली जनता और इमरान का विरोध करने वाली फौज के बीच हुआ और जनता ने खुलकर अपनी ताकत का इजहार किया। ये सब चुपचाप हुआ। इतनी खामोशी से हुआ कि एस्टैबलिशमेंट (व्यवस्था) को, फौज को, इसकी कानों-कान खबर भी नहीं लगी। इसके बाद एक और कोशिश हुई, काउंटिंग के दौरान आधी रात के बाद चुनाव नतीजे के ऐलान पर रोक लगा दी गई। काउंटिंग में बड़े पैमाने पर हेराफेरी हुई, तो भी निर्दलीय उम्मीदवार इतनी बड़ी तादाद में जीत कर आए। इस वक्त पाकिस्तान में पुलिस और फौज की सबसे बड़ी परेशानी है, लोगों के हाथों में कैमरे। लोग काउंटिंग में होने वाली हर गड़बड़ी का वीडियो बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर पूरे सिस्टम को नंगा कर रहे हैं।



## नशे की रोकथाम के लिए छत्तीसगढ़ एक मिसाल

-सुनील कुमार

दुनिया में एक शांत पर्यटन स्थल रहते आया देश, इक्वाडोर अब दुनिया में नशे के कारोबार का एक बड़ा केन्द्र बन गया है। हालत यह है कि अभी वहां के राष्ट्रपति ने देश में आपातकाल घोषित कर दिया है, क्योंकि नशे के कारोबारी देश पर एक किस्म से कब्जा सा करने की तरफ बढ़ रहे हैं। लोगों को याद होगा कि कुछ हफ्ते पहले एक टीवी स्टूडियो से जीवंत प्रसारण के बीच बंदूकबाजों ने भीतर घुसकर एक टीवी पत्रकार का अपहरण कर लिया था, एक वकील को गोली मार दी थी, कहीं जेलों में कैदियों ने सुरक्षा कर्मचारियों को बंधक बना लिया था। बीबीसी की एक ताजा रिपोर्ट देखें तो अब कुछ जानकार लोग इक्वाडोर को योरप और अमरीका जाने वाले कोकेन का रास्ता बता रहे हैं। दरअसल, इक्वाडोर से लगे हुए कोलंबिया और पेरू जैसे देश कोकेन नाम के खतरनाक नशे को बनाने वाला कच्चा माल पैदा करते हैं। नशे के कारोबार में कमाई इतनी रहती है कि ये दुनिया के किसी भी देश की खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों को भाड़े पर पालने लगते हैं, जैसा कि भारत के पंजाब में बड़े पैमाने पर संगठित रूप से हो रहा है। पंजाब पाकिस्तान के रास्ते आने वाले नशे का ऐसा बुरा शिकार है कि वहां की पूरी की पूरी जवान पीढ़ी इसमें फंसकर रह गई है, और उड़ता पंजाब जैसी फिल्में बनाई जा रही हैं। जिस पंजाब को अपनी स्थानीय और विदेशों से आने वाली कमाई की वजह से देश का एक सबसे संपन्न राज्य होना था, वह राज्य नशे की गिरफ्त में आकर इस तरह खत्म हो रहा है कि वहां अधिकतर घरों में कोई न कोई नशे के शिकार दिख रहे हैं, और नशे की आदतों की वजह से वहां की आबादी का एक हिस्सा दूसरे कई किस्म की बीमारियों का भी शिकार होते चल रहा है।

हम इक्वाडोर और पंजाब से होते हुए छत्तीसगढ़ जैसे राज्य पर आना चाहते हैं, और जिस तरह इक्वाडोर को योरप और अमरीका का नशे के ट्रांसपोर्ट का दरवाजा बताया जाता है, कुछ उसी तरह छत्तीसगढ़ देश के काफी हिस्सों के लिए नशे का दरवाजा बन गया है। ओडिशा की सरहद से लगे हुए छत्तीसगढ़ के कम से कम एक जिले में तो तकरीबन हर दिन गांजे की तस्करी पकड़ाती है, करोड़ों का सोना पकड़ाता है, करोड़ों की नगदी के साथ-साथ, अभी कुछ दिन पहले ही करोड़ों के नकली नोट भी पकड़ाए हैं। यह राज्य अवैध कारोबार से बाजार में आई नशा देने वाली दवा की गोलियों और शीशियों का अड्डा भी बन गया है। इस प्रदेश में कम से कम एक पुलिस अफसर ऐसे हैं जिन्होंने अपनी तैनाती के हर जिले में नशे के खिलाफ पुलिस के सीमित साधनों में भी असीमित अभियान छेड़ा है, और कामयाबी पाई है। अभी राजधानी रायपुर में एसएसपी बनाए गए संतोष सिंह जिस जिले में रहे वहां उन्होंने नशे के कारोबार पर भी वार किया, और लोगों से नशा छुड़ाने की कोशिश भी की। एक किस्म से ऐसी कोशिश किसी अफसर के लिए नामुमकिन लग सकती है क्योंकि प्रदेश में शराब के नशे का कारोबार पूरे का पूरा सरकार ही करती है। लेकिन शराब के कम नुकसानदेह नशे के मुकाबले अवैध दवाईयों का नशा, और दूसरे किस्म के गैरकानूनी नशे अधिक खतरनाक हैं। इसलिए संतोष सिंह का यह अभियान सरकारी कारोबार से परे अवैध नशे के खिलाफ रहता है, और इसीलिए सरकार को भी इसमें कोई दिक्कत नहीं होती है।

## प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास से विपक्षी खेमे में काफी बेचैनी दिखाई दे रही है

**प्रधानमंत्री मोदी ने गत 5 फरवरी को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण देते हुए कहा कि हमारा तीसरा कार्यकाल 1,000 सालों की नींव रखने का काम करेगा और उसमें बहुत बड़े फ़ैसले होंगे। बीती 2 फरवरी को 'इंडिया मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' के उद्घाटन के अवसर पर पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल की योजनाओं के बारे में बताया। जैसे ही पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल की बात की तो लोग लगातार तालियां बजाने लगे। इसके बाद पीएम मोदी ने मुस्कुराते हुए कहा कि समझदार को इशारा ही काफी होता है।**



26 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में नए इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम के उद्घाटन के अवसर पर अपने भाषण में कहा कि, मेरे तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा, ये मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी के चेहरे और भाषणों में झलकता आत्मविश्वास विपक्ष की बेचैनी का बड़ा कारण है।

बीते साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर ऐलान किया कि अगले साल वे फिर लाल किले की ऐतिहासिक प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे और अपनी उपलब्धियों का ब्योरा पेश करेंगे। लेकिन यह अहंकार नहीं है। यह बिल्कुल वैसी ही बात है, जैसी बात विपक्षी पार्टियां कर रही हैं। वास्तव में यह अहंकार का नहीं, बल्कि दोनों तरफ आत्मविश्वास का मामला है। एक तरफ विपक्ष इस आत्मविश्वास से भरा है कि अगले लोकसभा चुनाव में उसकी जीत होगी तो दूसरी ओर नरेंद्र मोदी इस भरोसे में हैं कि वे तीसरी और ऐतिहासिक जीत हासिल कर पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ेंगे।

केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों में ही नहीं, बल्कि उनकी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी वर्ष में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश अंतरिम बजट से न केवल सरकार का आत्मविश्वास झलकता है कि वह अपने कार्यों के बल पर ही तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी, बल्कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के उसके संकल्प का परिचय भी मिलता है। यह एक ऐसा अंतरिम बजट है, जिसमें सरकार ने चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को रिझाने के लिए कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं की। ध्यान रहे 2019 के अंतरिम बजट में कई लोकलुभावन घोषणाएं की गई थीं। इस बार ऐसा कुछ नहीं किया गया। इसका मतलब है कि सरकार मानकर चल रही है कि जनता को उस पर भरोसा है कि वह देशहित में सही दिशा में काम कर रही है।

विकास की राजनीति का यह एक नया उदाहरण है। जब सामने लगातार तीसरी पारी की लड़ाई का मैदान सज रहा हो और यह अपेक्षा हो कि लोकलुभावन घोषणाओं का तड़का लगेगा, तब नरेन्द्र मोदी सरकार की ओर से सामाजिक न्याय व समानता के अवसर पैदा करते हुए भविष्य के विकसित भारत का संकल्प दोहराना यह स्पष्ट करता है कि केंद्र में वापसी का विश्वास लबालब है। पीएम मोदी लोकलुभावन घोषणाओं के जरिए नहीं बल्कि अपने दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड, जो कहा सो पूरा किया के नारे के साथ ही जनता से समर्थन चाहते हैं।

मोदी-2 की सरकार ने आते ही जम्मू कश्मीर से धारा 370 की विदाई कर दी। राम मंदिर का रास्ता साफ किया और सीएए, एनआरसी जैसे कानून लेकर आई। मोदी-2 कार्यकाल की विदाई के चार महीने पहले अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। पिछले दिनों आई एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी की मार से बाहर निकले हैं। ग्रामीण स्तर पर वह सारी सुविधाएं पहुंच रही हैं जो पहले छोटे शहरों तक में उपलब्ध नहीं था। बीमारी हर साल पुनः गरीबी के चपेट में आने का बड़ा कारण रहा है लेकिन आयुष्मान योजना ने उस दशा में परिवर्तन ला दिया। सड़क, रेल और हवाई यातायात का परिदृश्य बदल रहा है, मैन्यूफैक्चरिंग के कारण रोजगार के नए नए रास्ते खुले हैं। लोगों की औसत आय में 50 फीसद की बढ़ोत्तरी हुई है और सामान्य रूप से यह विमर्श बना है कि देश बदल रहा है, आने वाले समय में दूसरों के लिए पथ प्रदर्शक बनेगा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश आत्मविश्वास से भर रहा है और गौरव से भर रहा है। आज पूरे विश्व में भारत को लेकर सकारात्मकता, आशा, भरोसा बढ़ा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपार लोकप्रियता और अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर बने माहौल को देखते हुए केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना लगभग तय है। ब्रिटेन के प्रमुख अखबार द गार्जियन में यह संभावना जताने के साथ ही कहा गया है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में जीत ने पार्टी की ताकत को और बढ़ाया ही है। अखबार में हन्ना एलिस पीटरसन की तरफ से लिखे गए कॉलम में कहा गया है कि तीन राज्यों की जीत लोकसभा में भाजपा की संभावनाओं को और मजबूत करने वाली है। यही वजह है कि पीएम मोदी खुद इस विधानसभा चुनावों की जीत को 2024 में जीत की गारंटी बता चुके हैं। लेख में कहा गया है कि विपक्षी दलों की तरफ से कुछ ही माह पहले बनाया गया गठबंधन इंडिया ब्लॉक भले ही सामूहिक रूप से भाजपा के खिलाफ लड़ने की प्रतिबद्धता जताता रहा हो लेकिन वह अभी भी एकजुट नहीं हो पाया है।

प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास के पीछे का कारण केवल खोखली राजनीतिक बयानबाजी नहीं है। इसके ठोस कारण हैं। पिछले दस वर्षों में जिस तरह से अलग अलग क्षेत्रों में भारत आत्मनिर्भर हुआ है, उसने यह शक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी है। न सिर्फ घरेलू मोर्चे पर भारत की उत्पादकता बढ़ी है बल्कि उसने कई क्षेत्रों में निर्यात भी शुरू किया है। अब से कुछ दशक पहले भारत हर छोटी बड़ी चीज के लिए विश्व के उन देशों का भी मुंह ताकत रहा, जो किसी न किसी तरीके से अपना हित साधने के लिए तमाम अंतरराष्ट्रीय उठापटक के लिए जिम्मेदार होते थे। मोदी सरकार की नीतियों ने ऐसे देशों की शक्ति और वर्चस्व वास्तव में कम की है और भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के तौर पर विश्व पटल पर खड़ा किया है। आज विश्व के तमाम बड़े, शक्तिशाली और उन्नत देश भी भारत की बढ़ती शक्ति, वर्चस्व और प्रभाव को स्वीकार रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण' को देश का सबसे बड़ा दुश्मन बताया। उन्होंने अपने कार्यों के दम पर समूचे विपक्ष को इन्हीं तीन चीजों के दायरे में समेटा है। विपक्ष को इसका उत्तर देशवासियों को देना होगा। इसके अलावा सरकार की योजनाएं हैं, करोड़ों लाभार्थी हैं, भाजपा की मशीनरी है, संसाधन है, मोदी का व्यक्तित्व है, उनकी प्रचार करने और भाषण देने की अद्भुत क्षमता है और ऐसी अनेक चीजें हैं, जो उनको आत्मविश्वास देती हैं।

मोदी सरकार ने विपक्ष के सामने एक और चुनौती रखी है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही तीन राज्यों में भाजपा ने कांग्रेस को परास्त कर सरकार बनाई थी। अब सिर्फ रिपोर्ट कार्ड के साथ लोकसभा चुनाव के लिए सजाए जा रहे मैदान में उतरने वाली है। विपक्षी गठबंधन का हाल देश की जनता देख ही रही है। सीटों के बंटवारे और तुच्छ स्वार्थों के लिए जिस तरह विपक्षी दल आपस में लड़ रहे हैं, उससे उनकी नीति और नीयत साफतौर पर दिखाई देती है। विपक्षी दल जनता की सेवा करने या उसके मुद्दे उठाने की बजाय खुद को भ्रष्टाचार से बचाने की जुगत में लगे हैं। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर हैं। जैसे-जैसे उनकी यात्रा आगे बढ़ रही है, वैसे वैसे इंडी गठबंधन में अविष्वास भी बढ़ रहा है। इंडिया गठबंधन लगभग खत्म होने की कगार पर है। विपक्ष को यह समझ नहीं आ रहा है कि वो देश के सामने किस मुद्दे को लेकर जाएं और किस मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरें। वास्तव में लोकसभा चुनाव की लड़ाई विश्वास की होगी। अब यह देशवासियों को तय करना है कि उनका भरोसा किस पर है- विकसित भारत की मोदी गारंटी पर या विपक्ष पर।

**- डॉ. आशीष वशिष्ठ** **यह निजी विचार है।**

# शेयर बाजार पूंजीकरण में विश्व में चौथे स्थान पर पहुँचा भारत, बड़ी कामयाबी

**– प्रह्लाद सबनानी**

**भारत आज अर्थ के विभिन्न क्षेत्रों में नित नई ऊंचाईयां छू रहा है। दिसम्बर 2023 के प्रथम सप्ताह में भारत ने फ्रान्स एवं ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में पूरे विश्व में पांचवां स्थान हासिल किया था। भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन, जापान एवं हांगकांग थे। परंतु, अब दो माह से भी कम समय में भारत ने शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़ते हुए विश्व में चौथा स्थान प्राप्त कर लिया है। भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक का हो गया है। अब ऐसा आभास होने लगा है कि भारत अर्थ के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनः प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है। एक ईसवीं से लेकर 1750 ईसवीं तक आर्थिक दृष्टि से पूरे विश्व में भारत का बोलबाला था। इस खंडकाल में विश्व के कुल विदेशी व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत से भी अधिक की रही है क्योंकि उस समय पर भारत में सनातन संस्कृति का पालन करते हुए व्यापार किया जाता था। भारत में कर्म एवं अर्थ के कार्यों को धर्म का पालन करते हुए करने की प्रथा का पुरातन शास्त्रों में वर्णन मिलता है। भारत में चूंकि आज एक बार पुनः सनातन संस्कृति का पालन करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य सम्पन्न हो रहे हैं अतः पूरे विश्व का भारत पर विश्वास बढ़ रहा है अतः न केवल विदेशी वित्तीय संस्थान बल्कि विदेशी नागरिक भी भारत के पूंजी (शेयर) बाजार में अपने निवेश को लगातार बढ़ाते जा रहे हैं।**



भारत में नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज पर लिस्टेड समस्त कम्पनियों के कुल बाजार पूंजीकरण का स्तर 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर जुलाई 2017 में पहुंचा था और लगभग 4 वर्ष पश्चात अर्थात मई 2021 में 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया था तथा केवल लगभग 2.5 वर्ष पश्चात अर्थात दिसम्बर 2023 में यह 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को भी पार कर गया था और आज यह 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर से भी आगे निकल गया है। इस प्रकार भारत शेयर बाजार पूंजीकरण के मामले में आज पूरे विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है।

प्रथम स्थान पर अमेरिकी शेयर बाजार है, जिसका पूंजीकरण 50.86 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। द्वितीय स्थान पर चीन का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 8.44 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। वर्ष 2023 में चीन के शेयर बाजार ने अपने निवेशकों को ऋणात्मक प्रतिफल दिए हैं। तीसरे स्थान पर जापान का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 6.36 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। चौथे स्थान पर भारत का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पांचवें स्थान पर हांगकांग का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 4.29 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। जिस तेज गति से भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे बढ़ रहा है, अब ऐसी उम्मीद की जा रही है कि कुछ समय पश्चात ही भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण जापान शेयर बाजार के पूंजीकरण को पीछे छोड़ते हुए पूरे विश्व में तीसरे स्थान पर आ जाएगा।

भारतीय शेयर बाजार आज विदेशी निवेशकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन गया है क्योंकि भारतीय शेयर बाजार अपने निवेशकों को भारी लाभ दे रहा है। हाल ही में सम्पन्न किए गए एक सर्वे में यह बात उभरकर सामने आई है कि विश्व के 100 बड़े निवेशक फंड जिनकी संपतियां 26.25 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की हैं, ने चीन के स्थान पर भारत में अपने निवेश बढ़ाने की बात की है। भारत के बाद ब्राजील एवं चीन में ये फंड अपने निवेश की बात कर रहे हैं। वर्ष 2023 में विभिन्न विदेशी निवेशक फंडों ने 2000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश भारत के शेयर बाजार में किया है। पिछले लगातार 8 वर्षों के दौरान भारतीय शेयर बाजार ने अपने निवेशकों को लाभ दिया है जबकि विश्व के कई बड़े बाजार यथा चीन, हांगकांग एवं जापान जैसे बाजार भी लगातार यह लाभ नहीं दे पाए हैं। भारतीय शेयर बाजार ने वर्ष 2023 में अपने निवेशकों को 10 प्रतिशत से अधिक का लाभ दिया है।

भारत विश्व में विकास के इंजन के रूप में उभर रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि वर्ष 2024 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में भारत का योगदान 16 प्रतिशत से भी अधिक का रहने वाला है। जब अन्य देशों की विकास दर कम हो रही हैं तब भारत में आर्थिक विकास दर तेज हो रही हैं। यह सब केंद्र सरकार द्वारा देश में लागू की जा रही आर्थिक नीतियों के कारण सम्भव हो पा रहा है। देश में मंदिर अर्थव्यवस्था एवं धार्मिक पर्यटन के बढ़ते आधार के चलते ही यह सम्भव हो पा रहा है। जब भारत की विकास दर बढ़ रही है तो भारत में कार्य कर रही विनिर्माण एवं अन्य क्षेत्रों में कार्यरत कम्पनियों का व्यापार भी बढ़ रहा है और भारतीय पूंजी बाजार में इन कम्पनियों के शेयरों की कीमत भी बढ़ रही है। अतः विदेशी संस्थान सहित विदेशी नागरिक भी अपने निवेश पर अधिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। विदेशी निवेशक एवं विदेशी संस्थान जो माह सितम्बर 2023 तक भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल रहे थे, अब अचानक भारी मात्रा में भारतीय शेयर बाजार में पैसा लगा रहे हैं। आज कई बार तो एक दिन में 5000 करोड़ रुपए से भी अधिक की राशि का निवेश इन विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में किया जा रहा है।

केंद्र सरकार पर विपक्षी दलों द्वारा कई बार यह आरोप लगाया जाता है कि भारत में सरकारी उपक्रमों को समाप्त किया जा रहा है। जबकि पिछले 27 माह के खंडकाल के दौरान सरकारी उपक्रमों का पूंजीकरण शेयर बाजार में दुगना होकर 46.40 लाख करोड़ रुपए से भी अधिक का हो गया है। सरकारी उपक्रमों ने अपने बाजार पूंजीकरण में इस अवधि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज की है। बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज का सेन्सेक्स पिछले 27 माह में 60,000 के स्तर से 70,000 के स्तर को पार कर गया है। इन सरकारी उपक्रमों के कोरपोरेट गवर्नन्स में भारी सुधार हुआ है, जिसके चलते न केवल विदेशी निवेशकों का बल्कि भारत के संस्थागत निवेशकों एवं खुदरा निवेशकों का भी विश्वास इन सरकारी उपक्रमों पर बढ़ा है।

केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लगातार लागू किए जा रहे विभिन्न सुधार कार्यक्रमों के चलते विदेशी संस्थागत निवेशक, विदेशी खुदरा निवेशक एवं विदेशों में निवास कर रहे भारतीय मूल के नागरिक भी भारतीय कम्पनियों में भारी मात्रा में शेयर बाजार के माध्यम से निवेश कर रहे हैं। हाल ही के समय में भारतीय कम्पनियों की लाभप्रदता में भी अतुलनीय वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है जिससे इन कम्पनियों के विभिन्न वित्तीय अनुपात बहुत आकर्षक बन गए हैं। जबकि चीन, हांगकांग, ब्रिटेन, जापान जैसे शेयर बाजार अपने निवेशकों को ऋणात्मक अथवा बहुत कम रिटर्न दे पा रहे हैं। कई विदेशी संस्थान निवेशक तो चीन, हांगकांग आदि देशों से अपना पूंजी निवेश निकालकर भारतीय शेयर बाजार में कर रहे हैं। इससे आगे आने वाले समय में भी भारतीय शेयर बाजार में वृद्धि दर आकर्षक बनी रहेगी, इसकी भरपूर सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

ऐसा कहा जाता है कि शेयर बाजार में निवेशक अपनी जमापूंजी का निवेश बहुत सोच विचार कर करता है एवं जब निवेशकों को यह आभास होने लगता है कि अमुक कम्पनी का भविष्य बहुत उज्ज्वल है एवं निवेशक द्वारा किए गए निवेश पर प्रतिफल अधिकतम रहने की सम्भावना है, तभी निवेशक अपनी जमापूंजी को शेयर बाजार में उस अमुक कम्पनी में निवेश करते है। इस प्रकार, जब किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर निवेशकों का भरोसा बढ़ता हुआ दिखाई देता है तो विशेष रूप से विदेशी निवेशक एवं विदेशी संस्थागत निवेशक उस देश में विभिन्न कम्पनियों के शेयर में अपनी निवेश बढ़ाते हैं। चूंकि विदेशी संस्थानों को आगे आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था पर एवं भारतीय कम्पनियों की विकास यात्रा पर भरपूर भरोसा है अतः भारतीय शेयर बाजार में निवेश भी रफ्तार पकड़ रहा है।

**यह निजी विचार है।**

## खास खबर

### केंद्रीय गोड महासभा 11 को, सीएम साय का होगा सम्मान, प्रदेशभर से जुटेगे आदिवासी समाज के लोग

**दुर्ग।** केंद्रीय गोड महासभा धमधागढ़ 11 फरवरी को गोडवाना भवन सिविललाइन कसारीडीह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, साजा विधायक ईश्वर साहू के अलावा आदिवासी समाज के 18 भाजपा विधायकों का सम्मान करेगा। इस समारोह को यादगार बनाने मुख्यमंत्री साय को लड्डुओं से तौलकर आदिवासी समाज के परंपरानुरूप उनका तीर- धनुष व बासन पहनकर भव्य स्वागत- सम्मान किया जाएगा। सम्मान स्थल पर मुख्यमंत्री श्री साय को गाजे बाजे व शोभायात्रा के साथ लाया जाएगा। इस दौरान आदिवासी नृत्य और गीत की धुन आकर्षण का केंद्र रहेगी। दोपहर 3 बजे से शुरू होने वाले सम्मान समारोह में दुर्ग संभाग के 8 जिलों के अलावा बस्तर संभाग और अन्य आदिवासी क्षेत्र से आदिवासी समाज के लोग करीब 10हजार की संख्या में जुटेंगे। सम्मान समारोह उपरांत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को महासभा द्वारा आदिवासी समाज के लोगों की समस्याओ और विकास हितैषी विषयों से संबंधित मांग पत्र भी सौपे जाएंगे। यह बातें केंद्रीय गोड महासभा धमधागढ़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने शुक्रवार को मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान केंद्रीय गोड महासभा धमधागढ़ के प्रमुख सलाहकार सीताराम ठाकुर, सचिव पन्नालाल नेताम, प्रवक्ता विष्णुदेव ठाकुर, प्रदेश युवा अध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, दुर्ग जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर, धमधा तहसील अध्यक्ष पुराणिक नेताम, राजूलाल नेताम, रामसिंह ठाकुर भी मौजूद थे।

### शक्ति वंदन अभियान के शुभारंभ के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**सूरजपुर।** महिला स्व सहायता समूह के सशक्तिकरण एवं शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का सामाजिक सहभागिता के माध्यम से सिचुएशन किए जाने के उद्देश्य से शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ जिला ऑडिटोरियम सूरजपुर में किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, श्रम विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासन की समस्त फ्लैगशिप योजनाओं की प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी प्रदान किया गया। योजनाओं हेतु हितग्राहियों के मोबिलाइजेशन हेतु संकुल संगठन को सक्रिय भूमिका निर्वाह किया जाने हेतु प्रेरित किया गया। कलेक्टर रोहित व्यास ने शासन की वर्तमान में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि जिले मे 85 लोगों का आयुष्मान कार्ड तैयार कर लिया गया है। शेष बचे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड तैयार किए जाने हेतु संकुल संगठन एक महती भूमिका निर्वहन कर सकता है जिससे शीघ्र ही शत प्रतिशत परिवारों को स्वास्थ्य बीमा से जोड़ा जा सके। जिले मे महतारी वंदन योजना अंतर्गत 1 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है। शासन द्वारा 08 मार्च को अन्तराष्ट्रिय महिला दिवस के दिन पहली किश्त हस्तांतरित किए जाने हेतु तैयारी की गई है हितग्राहियों को योजना से जोड़े जाने हेतु संकुल संगठन के माध्यम से हितग्रहियों को मोबिलाइज कर आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायतों से पंजीयन कराया जाना है।

# धान की अंतर की राशि का शीघ्र किया जायेगा भुगतान : मुख्यमंत्री

## श्री सिद्धेश्वर शिव महापुराण कथा में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय कथा प्रवक्ता ब्रजनंदन महराज से लिया आशीर्वाद, प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की

रायपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुंगेली जिले के ग्राम झलियापुर में आयोजित श्री सिद्धेश्वर शिव महापुराण कथा में शामिल हुए। उन्होंने 11 कुंडीय रूद्र महायज्ञ शाला का परिक्रमा कर व्यासपीठ पर विराजमान कथा प्रवक्ता ब्रजनंदन महाराज का शाल व श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया और उनसे प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया। मंच पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री साय का गजमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान शिव देवों के देव महादेव भोले और अभयदानी है, वे सच्ची भाव भक्ति में दुश्मनों को भी वरदान दे देते हैं। उन्होंने कहा कि कहीं भी कथा होने से न केवल उस क्षेत्र को, बल्कि दूर-दूर तक इसका पुण्य लाभ मिलता है। इस महायज्ञ का फायदा यहां के लोगों के साथ ही हमारी सरकार को भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की धरती है, भगवान राम हमारे भांचा है। 14 वर्ष के वनवास के दौरान भगवान राम ने छत्तीसगढ़ के दण्डकारण्य के जंगल में 10 साल बिताए हैं। उन्होंने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि राजिम में माता सीता द्वारा स्थापित शिवलिंग है, तो निश्चित रूप से हमें आशीर्वाद मिलेगा, आज हमने 01 लाख 47 हजार 500 करोड़ का बड़ा बजट पास किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही घोषणा के अनुरूप सबसे पहले हमने 18 लाख आवास बनाने का निर्णय लिया, किसानों के खाते में 2014-15 और 2015-16 की लंबित बोनस राशि का भुगतान किया गया और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की गई।

शीघ्र ही किसानों के खाते में धान के अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। किसानों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा, वनोपज से समृद्ध राज्य है। मोदी की जिस गारंटी को लेकर छत्तीसगढ़ की जनता ने विश्वास के साथ हमारी सरकार बनाई है, उस विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने ग्राम छिरहा से झलियापुर तक 03 किलोमीटर सड़क मार्ग निर्माण की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि हमारे वेद में यज्ञ का बहुत बड़ा प्रभाव और महत्व बताया गया है। यह व्यक्ति के जीवन में खुशहाली तरक्की लाने का बहुत बड़ा माध्यम है। ग्राम झलियापुर में 11 कुंडीय यज्ञ निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ की खुशहाली और तरक्की के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। खाद्यमंत्री श्री दयालदास बघेल ने कहा कि यहां हर साल भव्य यज्ञ का आयोजन किया जाता है।

22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई। इसके उपलक्ष्य में जगह-जगह कार्यकम आयोजित किए जा रहे है। इससे अब लग रहा है कि निश्चित रूप से राम राज्य स्थापित हो रहा है। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि रूद्र भगवान की कृपा सब पर बनी रहे। उन्होंने समाज में आपसी प्रेम, शांति, भाईचारा, मानवता, समानता आदि की कामना की। इस अवसर पर पूर्व सांसद लखनलाल साहू, आयोजक श्रीमती लक्ष्मी देवी-रामशरण सिंह, सरपंच परमानंद सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

## सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**गरियाबंद।** केन्द्र सरकार की खाद्य प्रसंस्करण संबंधी महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अन्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष, गरियाबन्द में आयोजित किया गया। कार्यशाला में सीएसआईडीसी रायपुर के अधिकारी पुनीत इंगोले ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने लिए व्यक्तिगत, स्व-सहायता समूह, किसान उत्पादक संगठन को योजनान्तर्गत कृषि उत्पाद प्रसंस्करण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, विपणन और परीक्षण, प्रयोग शालाओं के लिए सहायता दी जायेगी। जिसमें पोहा उद्योग, आचार निर्माण, मसाला निर्माण, बड़ी, पापड़, रेडी टू ईट, टमाटर पर आधारित सॉस, मक्का प्रोसेसिंग गेंहू, बाजरा, कोदो कुटकी, रागी आधारित उत्पाद महुआ प्रसंस्करण, बेकरी प्रोडक्टस, डेयरी उत्पाद पनीर, दही, घी, सेव, नमकीन, पशु आहार, आम का आचार, अदरक पाउडर, महुआ तेल, सोयाबीन तेल एवं अन्य खाद्य उत्पाद के लिए आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए, कोई न्युनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं है, एक परिवार से केवल एक ही व्यक्ति, वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे।

इस योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पिछले 06 माह का बैंक स्टेटमेन्ट, प्रस्तावित कार्य का प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करना होगा। योजनान्तर्गत व्यक्तिगत श्रेणी में 35 प्रतिशत क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी के तहत अधिकतम 10 लाख एवं समूह श्रेणी में 03 करोड़ तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। इसके साथ ही लाभार्थियों को उत्पाद ईडीपी, ब्राडिंग एवं मार्केटिंग में प्रशिक्षण भी दिए जाने का प्रावधान है। इस दौरान कार्यशाला में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव, अंत्यावसायी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सु रश्मि गुप्ता, स्थानीय उद्योगपति के अलावा महिला स्व-सहायता समूह सहित 64 प्रतिभागी उपस्थित थे।

## मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने नवीन न्यायालय भवन का किया वर्चुअल भूमिपूजन एवं शिलान्यास

**रायपुर।** ज़िला मुख्यालय बेमेतरा में अधिवक्ताओं और पक्षकारों की और बेहतर सुविधा और न्याय प्रणाली में तेजी लाने के लिए आज मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर रमेश कुमार सिन्हा ने नवीन भवन का वर्चुअल भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। उनकी वर्चुअल उपस्थिति एवं अनुमति से कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि न्यायाधिपति गौतम भादुड़ी ने भूमिपूजन एवं शिलालेख का अनावरण किया।




यह नवीन न्यायालय भवन कलेक्ट्रेट के पास निर्मित होगा। भवन के लिये 7.04 एकड़ भूमि आवंटित की गयी है। भूमि पूजन में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधिपति श्री गौतम भादुड़ी, जो कि जिला न्यायालय बेमेतरा के पोर्टफोलियों न्यायाधीश है, विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर ज़िला न्यायाधीश श्री बृजेंद्र शास्त्री, कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री प्रणिश चौबे सहित अधिवक्ता,न्यायालय के कर्मचारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण निर्मल सिंह ने इस नवीन भवन निर्माण की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि तक़रीबन 12 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित होगा। निर्माण कार्य हेतु राज्य शासन द्वारा यह राशि स्वीकृत कर दी गयी है। नवीन जिला न्यायालय भवन में अधिवक्ता कक्ष, शासकीय अभिभाषक कार्यालय आदि भवन का निर्माण कार्य किया जायेगा। यह भवन कलेक्ट्रेट के समीप 15 महीने में बनकर तैयार होगा। न्यायाधिपति श्री गौतम भादुड़ी ने कहा कि नये भवन बन जाने से अधिकारी-कर्मचारियों की कार्य क्षमता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश जब यहां आये तो नये न्यायालय भवन की उन्होंने आवश्यकता महसूस की और कहा कि जल्द ही भवन बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाए। आप लोग देख सकते है नये भवन का जो नक्शा है वह बहुत ही सुन्दर है। कोई भी निर्माण कार्य एक दिन में नहीं बनती है। इसे बनने में काफी समय लगता है सालों-साल लग जाते है, पर यहां मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा के प्रयास से आज ये शुभ दिन आया। उन्होंने इसके लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हर क्षेत्र हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है बजट : कैट

**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने आज अपना बजट पेश कर दिया।



छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री माननीय ओ.पी. चौधरी ने बजट पेश किया बजट में विशेष 10 आधार स्तंभों के साथ विकासशील राज्य से विकसित राज्य की ओर अग्रसर होने वाला बजट है। इसमें हर क्षेत्र, हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है। निश्चित रूप से इसके दूरदृष्टि से बनाया गया बजट है। इसके दूरगामी सकरात्मक परिणाम प्राप्त होगा। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री माननीय श्री ओ.पी. चौधरी ने आज बजट पेश किया बजट में 5 वर्ष में जीडीपी को दुगुना करने का लक्ष्य, प्राकृतिक संसाधनों का उचित इस्तेमाल करना, इको टुरिज्म को विकसित करना। कोई नया कर नहीं लगाया गया है। युवाओ के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रान्ति योजना।

श्री पारवानी एवं श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया अमृतकाल की नींव और [illegible] की थीम पर है बजट। यूथ को रोजगार, स्किल डेवलपमेंट, महिलाएं और किसान को फोकस पर रखा गया है। कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, चिराग योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से जुड़ी सुविधाओं को बढ़ाया जा सकता है। [illegible] परीक्षा की तैयारी के लिए सीट 3 गुना बढ़ाई गई। [illegible] के लिए 94 करोड़ रुपए का प्रावधान। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत के लिए 400 करोड़ का प्रावधान। प्रशिक्षण संस्थान के निर्माण के लिए 5 करोड़ प्रावधान । ईको पार्क की स्थापना के लिए 5 करोड़ का प्रावधान। कृषि शिक्षा को बढ़ावा देने नए एग्रीकल्चर कॉलेज। छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना शुरू की जाएगी। मनरेगा के लिए 2 हजार 788 करोड़ का प्रावधान है। बजट में विकसित राज्य की परिकल्पना जो व्यापार एवं उद्योग हेतु सकारात्मक है।

# कलेक्टर ने मैनपुर विकासखण्ड के विभिन्न गांवों में जाकर योजनाओं का लिया जायजा

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने मैनपुर विकासखण्ड के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बाहुल्य ग्राम बोइरगाँव और कुल्हाड़ीघाट में चल रहे महतारी वंदन योजना, पीएम जनमन आवास योजना, पीएम विश्वकर्मा सहित अन्य कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव मौजूद थी। कलेक्टर ने पीएम जनमन आवास के अन्तर्गत क़मार हितग्राहियों एवं महतारी वंदन योजना के तहत पंचायतों में आवेदन करने वाली महिलाओं से चर्चा कर इस योजना का लाभ बताते हुए पात्र महिलाओं को अधिक से अधिक आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से प्रदेश की पात्र महिलाओं को बैंक खाते में प्रतिमाह 1 हजार रुपए सीधे प्राप्त होंगे। महतारी वंदन योजना महिलाओं की वित्तीय आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण और कारगर कदम साबित होंगी। इससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा। जिससे महिलाएं स्वयं एवं परिवार के विकास में लगातार सकारात्मक भागीदारी निभाएंगी। जिससे महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन में बढ़ोत्तरी होगी। साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में भी सतत् सुधार होगा। परिवार में महिलाओं की निर्णायक भूमिका सुदृढ़ होगी। जिससे समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी दूर होगी।

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत बोईरगाँव में स्कूल जतन योजना अंतर्गत किये गये कार्यों का अवलोकन किया और प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों से मिलकर उनके पढ़ाई-लिखाई, मध्यान्ह भोजन सहित अन्य जानकारी ली तथा बच्चों को लगन के साथ पढ़ाई-लिखाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्राथमिक शाला बरदुला में रसोई कक्ष का निरीक्षण के दौरान बच्चों के लिए बनाये जा रहे मध्यान्ह भोजन को निर्धारित मीनु अनुसार गुणवत्तापूर्ण बनाने के निर्देश दिये। इसके उपरांत कलेक्टर अग्रवाल ने ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट में सरपंच एवं विशेष पिछड़ी जनजाति के महिलाओं से मिलकर उनके समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि वे जागरूक रहकर केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं का भरपूर लाभ उठाये। जनपद पंचायत मैनपुर के सीईओ सु अंजली खलखो ने बताया कि प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महाअभियान अन्तर्गत ग्राम कुल्हड़ीघाट में 315 एवं बोईरगाँव में 118 आवास स्वीकृत है। कलेक्टर ने कुल्हाड़ीघाट में हितग्राहियों के लिए बनाये जा रहे आवास कार्यों का निरीक्षण करते हुए हितग्राहियों से चर्चा कर इस राशि का सदुपयोग करते हुए समय सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने निर्देश दिये।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग,रायपुर संभाग क्र.-1, रायपुर

//मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना//

विज्ञप्ति क्रमांक 846/एन.आई.टी.-43/टी.सी./23-24/ रायपुर, दिनांक 08/02/2024

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (लाखों में) |
| --- | --- | --- |
| 1 | S/R and MOW Work at Various Banglow at VIP Section Under Sub Dn. No.-1 Raipur C.G. | 19.99 |
| 2 | S/R and MOW Work at Under Sub Dn. No.-1 Raipur C.G. | 19.90 |
| 3 | Various Painting Works at Minister Banglow Under Sub Dn. No.-1 Raipur C.G. | 10.00 |

निविदा आवेदन करने की तिथि – 21.02.2024

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdrauoyr/ में Live Tender के अन्तर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध । इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1
रायपुर

लोकशक्ति www.lokshakti.in

# संस्कृति एवं जांजगीर की पहचान है जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव : ओ.पी.




## कैबिनेट एवं जिला प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का किया शुभारंभ

## 2700 से अधिक हितग्राहियों को 4 करोड़ 10 लाख रुपए का किया गया वितरण, पोषण रथ को भी किया गया रवाना

जांजगीर-चांपा संवाददाता7

जिले में आयोजित तीन दिवसीय जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का शुभारंभ वित्त, वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ पी चौधरी ने किया। जिसमें विभिन्न योजनाओं 2734 हितग्राहियों को 4 करोड़ 10 लाख 18 हजार रुपए वितरण किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा टी बी के प्रति जागरूकता संदेश देने के लिए पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिले में शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए यूनिसेफ के साथ मिलकर क्या सीखा एवं विनोबा फाउंडेशन के साथ एमओयू भी किया गया।





इसके साथ ही जाज्वल्या पत्रिका के 2024 के संस्करण का विमोचन किया गया। मुख्य मंच से सैनिक अग्निवीर भर्ती में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने वाले पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया है। इनके द्वारा 800 लोगो की भर्ती में 220 लोगो का चयन हुआ है। साथ ही ओडीएफ प्लस के बेहतर कार्य करने के लिए जिला पंचायत को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जांजगीर विधायक श्री व्यास कश्यप, पामगढ़ विधायक श्रीमती से शेषराज हरबंश, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व विधायक श्री नारायण चंदेल, पूर्व विधायक श्री सौरभ सिंह, पूर्व विधायक श्री अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यनिता यशवंत चंद्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, श्री गुलाब चंदेल, श्री गगन जयपुरिया, श्रीमती विद्या सिदार, श्री अमर सुल्तानिया, श्री सुमित प्रताप सिंह, श्रीमती प्रीति देवी, श्री प्रशांत सिंह, श्री आशुतोष गोस्वामी, श्री शेखर चंदेल, प्रशांत सिंह एवं कलेक्टर श्री आकाश छिकारा सहित अन्य जनप्रतिपिनिधि गण, अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में नागरिकजन उपस्थित थे।

शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री ओ पी चौधरी ने कहा कि जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला जांजगीर-चांपा जिले का प्रतिष्ठा पूर्ण आयोजन है। यह महोत्सव हमारे संस्कृति एवं जांजगीर की पहचान है। हम विकसित भारत की संकल्पना को सकार करने के लिए मोदी के गांरटी के तहत एक विजन छत्तीसगढ़ के रूप में कार्य कर रहें है। आठ हसो के हमारी अल्पकालिक सरकार में ही हमने किसानों से लेकर युवाओं तक के लिए सकारात्मक कार्य किये हैं। हमने 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के मौके पर ही राज्य के 12 लाख से अधिक किसानों को 37 सौ करोड़ से अधिक का बोसन का वितरण किया गया था। पहली कैबिनेट में हमने 18 लाख आवासों को स्वीकृति प्रदान करते हुए गरीबो को छाव देने के प्रयास किया है। इसके लिए हमने अनुपूरक बजट में 3800 करोड़ एवं कल की बटज में 7000 करोड़ का प्रावधान रखें हैं।

कृषि उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़, घर-घर तक स्वच्छ जल मिले इसके लिए हमने जल जीवन मिशन के लिए 4500 करोड़ एवं महतारी वंदन के लिए 3 हजार करोड़ का प्रावाधान किया गया है। युवाओं को बेहतर भविष्य एवं दिशा देने के लिए रायपुर के नालंदा के तर्ज पर राज्य के 22 जगहों में डिजिटल लाईब्रेरी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से निश्चित रूप से जांजगीर-चांपा में भी हम बेहतर लाईब्रेरी बनायेंगे। इसके साथ स्थनीय विधायकों एवं जन प्रतिनिधियों ने विभिन्न मांग रखे। जिस पर श्री ओपी चौधरी ने पूर्ण आश्वासन देते हुए 5 वर्षों में ही सभी मांग को पूर्ण करने के लिए आश्वस्त किये। मलखम्भ के प्रदर्शन करने वाले युवाओं को 25000 रूपए देने की घोषणा की गई। पूर्व विधायक श्री नारायण चंदेल ने संबोधित करते हुए कहा कि जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव की शुरूआती पृष्ठ भूमि एवं उद्देश्यों को रेखाकिंत किया। साथ ही विधायक श्री ब्यास कश्यप ने जिले के विकास हेतु मेडिकल कालेज सहित अन्य मांगों को अपने विचार रखें।

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए जिले में चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ और नवाचार के संबंध में जानकारी दी। उन्हें स्वागत उदबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप जिले में शासन की जनकल्याणकारी समस्त योजनाओं का क्रियान्वयन सतत रूप से जा रहा है। एक माह में ही जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला बाल विकास सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं के कार्यों के साथ नवाचार कार्य किया गया है। जिले में आयुष्मान कार्ड 74.1 प्रतिशत से बढ़कर 85 प्रतिशत हो गई है। सिकल सेल, परीक्षण में 32 वीं रैंक से 8वीं रैंक तक पहुंची है। टीबी अभियान में 365 सक्रिय टीबी रोगियों में से 365 टीबी रोगियों को निक्षय मित्र बनाया गया। जिले में मिशन 40 डे के माध्यम से बोर्ड कक्षा के परिणामों में सुधार करने के लिए, महत्वपूर्ण विषयों के कवरेज पर ध्यान देने के साथ एक पुनरीक्षण पाठ्यक्रम शुरू किया है। तो वहीं बोलेगा बचपन के माध्यम से मंच के डर और झिझक, दिन के विचार, दिन की महत्वपूर्ण खबरें, सामान्य ज्ञान तथ्य आदि के बारे में बताते हैं। पुस्तक दान महाभियान की विशेष पहल शुरू की। लोगों के सहयोग से एकत्रित पुस्तकें की गई, इन पुस्तकों का उपयोग कर कचहरी चौक में एक पुस्तकालय खोलने की योजना बनाई जा रही है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, जिला पंचायत श्री आर के खुंटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल सोनी सहित समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत कैंटीन का वित्त मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ पी चौधरी ने किया शुभारंभ

## श्रमिको को मात्र पांच रुपए में मिलेगा चावल, दाल, सब्जी, आचार का गर्म और ताजा भोजन



जांजगीर-चांपा/ संवाददाता।

जाजल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024 के अवसर पर वित्त मंत्री और जांजगीर-चांपा जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ पी चौधरी ने आज शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत जिला मुख्यालय जांजगीर के निकट स्थित एफसीआई गोदाम के पास स्थित नया बस स्टैंड परिसर पर कैंटीन का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत आज प्रभारी मंत्री के द्वारा जिले का पहला कैंटीन का शुभारंभ किया गया है। इस कैंटीन के माध्यम से निर्माणी, संगठित एवं असंगठित वर्ग के श्रमिको को मात्र 5 रुपए में चावल, दाल, सब्जी, आचार या चटनी के साथ गरम और ताजा भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। प्राप्त जानकारी अनुसार इस योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन (श्रम विभाग) तथा आर के एसोसिएट्स नई दिल्ली के मध्य एमओयू हस्ताक्षर हुए हैं। जाँजगीर के इस कैंटीन में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक गर्म भोजन उपलब्ध कराया जायेगा तथा भोजन का समय श्रमिकों के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। इसमें खाने हेतु 400 ग्राम चावल, 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम सब्ज़ी तथा 10 ग्राम आचार या चटनी एवं आरओ का पानी पीने के लिए उपलब्ध कराया जायेगा। इस योजन के तहत भोजन सप्ताह में 6 दिन उपलब्ध कराया जाएगा तथा श्रमिकों की आवश्यकता अनुसार 7वें दिन भी उपलब्ध कराया जा सकता है। एमओयू के अनुसार एक थाली भोजन की राशि 52.65 रुपये निर्धारित है। जिसमें 5 रुपये श्रमिक द्वारा तथा शेष 47.65 रुपये श्रम विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है। उल्लेखनीय है की शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना वर्ष 2017 से छत्तीसगढ़ में प्रारंभ होकर संचालित है। यह योजना रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, राजनांदगाँव, महासमुंद तथा अंबिकापुर में पूर्व से संचालित है। श्रमिक कैंटीन के शुभारम्भ अवसर पर पूर्व विधायक जांजगीर श्री नारायण चंदेल, पूर्व विधायक अकलतरा श्री सौरभ सिंह, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, श्री अमर सुलतानिया, श्रम विभाग के श्री घनश्याम पाणिग्रही एवं विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## श्रमिक कैंटीन के खुलने से अब खाने की चिंता होगी दूर, मिल पाएगा गरम-गरम भोजन श्रमिक : नन्द कुमार

**जांजगीर-चांपा, संवाददाता।** जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024 के अवसर पर जाज्वल्य नगरी स्थित जिला मुख्यालय जांजगीर के नया बस स्टैंड परिसर पर शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना अंतर्गत श्रमिक कैंटीन का शुभारंभ किया गया है। श्रमिक कैंटीन के शुभारंभ अवसर पर पहुंचे एफसीआई गोदाम के श्रमिक श्री नन्द कुमार कश्यप ने कहा कि श्रमिक कैंटीन के खुलने से अब दोपहर के समय में खाने की चिंता दूर होगी। उन्होंने बताया कि मैं और मेरे जैसे कई श्रमिक अपने-अपने गांव से सुबह से काम पर निकलने के कारण खाना पैक करके टिफिन में लाते थे। जिससे वह खाना दोपहर होते तक ठंडा भी हो जाता था। लेकिन अब श्रमिक कैंटीन के खुलने से मात्र 5 रुपए में हमें गरम भोजन मिल पाएगा, जो हम सभी श्रमिकों के लिए बहुत ज्यादा लाभप्रद होगा। ग्राम कसौंदी के रहने वाले श्रमिक श्री वासुदेव सूर्यवंशी ने कहा कि हमारे जांजगीर-चांपा जिले में दाल भात केंद्र के खुलने से श्रमिको को बहुत फायदा होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे मजदूर जिनके पास कई बार नाश्ता करने के लिए भी ज्यादा पैसे नहीं होते वह भी अब मात्र 5 रुपए में भरपेट खाना खा पाएंगे। प्रदेश सरकार की पहल पर शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना अंतर्गत श्रमिक कैंटीन खोला गया है। इस योजना से अनेक श्रमिकों को गरम और ताजा भोजन मिलेगा।

## राजेश्री महन्त जी महाराज का एक दिवसीय प्रवास



जांजगीर चांपा -

महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज पीठाधीश्वर श्री दूधाधारी मठ रायपुर एवं श्री शिवरीनारायण मठ का एक दिवसीय प्रवास का कार्यक्रम निर्धारित हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्री महन्त जी महाराज दिनांक 11 फरवरी, दिन रविवार, सन 2024 को सुबह 9:00 बजे श्री दूधाधारी मठ रायपुर से रवाना होकर दोपहर 12:00 बजे जिला सक्ती के जैजैपुर विकास खंड अंतर्गत स्थित ग्राम कोटेतरा पहुंचकर सम्मान आशीर्वाद एवं विदाई समारोह में शामिल होंगे। यहां से 1:30 बजे रवाना होकर 2:15 बजे उनका आगमन जिला जांजगीर-चांपा, विकासखंड नवागढ़ अंतर्गत स्थित ग्राम सरखों, अपरान्ह 3:00 बजे नैला, 3:45 बजे ग्राम जगमहन्त, 5:15 बजे ग्राम महंत एवं 6:15 बजे ग्राम नरियारा पहुंचकर लोगों के सुख-दुख के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। रात्रि 9:30 बजे उनका आगमन श्री दूधाधारी मठ रायपुर होगा।

## जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से जिले के 101 जोड़े बंधे पवित्र शादी के बंधन में

**जांजगीर /** जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला में आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 101 जोड़े विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर कैबिनेट एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री ओ पी चौधरी,जांजगीर चांपा विधायक श्री व्यास कश्यप, पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश, पूर्व विधायक श्री सौरभ सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल, पूर्व विधायक श्री अबेंश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यनिता चंद्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया साथ ही सुखी दाम्पत्य की शुभकामना भी दी साथ ही उपहार भेंट किए। श्री चौधरी ने कहा कि निर्धन कन्याओं के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना वरदान है। इस योजना के माध्यम से फिजुल खर्च एवं दहेज प्रथा जैसे कुरीतियों को समाप्त करने का एक अच्छा माध्यम है। अब ऐसे कन्याओं के माता-पिता को आर्थिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा। ज़िला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से लाभान्वित करते हुए 101 जोड़े विवाह बंधन में बंधे।



इस अवसर पर श्री गुलाब चंदेल, श्री गगन जयपुरिया, श्रीमती विद्या सिदार, श्री अमर सुल्तानिया, श्री सुमित प्रताप सिंह, श्रीमती प्रीति देवी, श्री प्रशांत सिंह, श्री आशुतोष गोस्वामी, श्री शेखर चंदेल, श्री प्रशांत सिंह ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिपिनिधि गण, अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में नागरिकजन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत् प्रति जोड़ा 50 हजार रुपए का व्यय निर्धारित है। जिसमें 6 हजार रुपए वस्त्र, श्रृंगार सामग्री, आभूषण पर, 8 हजार रूपए विवाह के आयोजन पर, 15 हजार रुपए प्रोत्साहन सामग्री व 21 हजार बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से वधु को दिया जाता है। नवविवाहित जोड़ों को जीवनोपयोगी विभिन्न सामग्रियां जैसे कुकुर, बर्तन गद्दा, आलमीरा, वैवाहिक वस्त्र, मंगलसूत्र, बिछिया, पायल, वैवाहिक वस्त्र, श्रृंगार सामग्रियां आदि उपहार स्वरूप प्रदान किए जाते है। इसके अतिरिक्त विवाह का आयोजन शासकीय स्तर पर किया जाता है।

## बजट पर प्रतिक्रियाएं

### छत्तीसगढ़ के विकसित राज्य बनने के सपने को साकार करने वाला बजट - राजेश पालीवाल



**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर प्रतिक्रिया में समाजसेवी एवं अध्यक्ष धर्म सेवा समिति के राजेश पालीवाल ने कहा यह बजट छत्तीसगढ़ के युवाओं, महिलाओ,किसानों के भविष्य को संवारने वाला बजट होगा। यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास का एक संकल्प लेकर निश्चित लक्ष्य बता रहा है जिसमे राज्य की जीएसडीपी को 5 साल में दोगुना किया जाना है। उन्होंने ने कहा यह बजट मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला बजट है इस बजट में महतारी वंदन,किसानों को भुगतान,प्रधानमंत्री आवास,जल जीवन मिशन,श्री राम लला दर्शन,मुफ्त इलाज,भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए प्रावधान सहित मोदी की कई गारंटियो को पूरा करने प्रावधान किया गया है। श्री पालीवाल ने कहा यह बजट हर चुनौती को चुनौती दे रहा है।राज्य की आय बिना किसी पर कर का बोझ डाले 22 प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य प्रशंसनीय है प्रदेश के हर क्षेत्र हर विभाग हर वर्ग के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं जिससे छत्तीसगढ़ के लोगो के जीवन में खुशहाली आएगी। यह बजट सही मायने में छत्तीसगढ़ के विकसित राज्य बनने के सपने को साकार करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### छत्तीसगढ़ का बजट 3 करोड़ जनता के लिए विश्वास का बजट....मनोज अग्रवाल



**जांजगीर चांपा** छत्तीसगढ़ चैंबर्स आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज जांजगीर नैला के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का बजट 3 करोड़ जनता के लिए विश्वास का बजट है द्यबजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है, चार शब्दों से मिलकर बना हुआ GYAN अर्थात गरीब, युवा , अन्नदाता और नारी पर आधारित बजट हैद्य उन्होंने कहा कि कृषि,स्वास्थ्य ,शिक्षा ,उद्योग , गृह विभाग,कानून, ऊर्जा, जल,सड़क ,ग्रामीण एवं शहरी विकास,अधोसंरचना गत बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित कर बजट बनाया गया है और बड़ी बात यह है कि चेंबर के सुझावों को बजट में शामिल किया गया है द्य नए उद्योगों को नीति में शामिल करने के लिए नयी उद्योग नीति तैयार की जायेगी , मजदूर और पिछड़ी जातियों के विकास पर इस वर्ष का बजट केंद्रित है,

सरगुजा एवं बस्तर के पर्यटन को बढ़ाने के लिए अलग से बजट का प्रावधान है , भूमिहीन मजदूरों को 7000 से बढ़कर 10000 प्रति वर्ष दिया जाएगा एवं तेंदूपत्ता संग्रह करने वाले मजदूरों मानक मजदूरी दर 4000/- से बढ़ाकर 5500/- प्रति बोरा कर दिया गया है, कुल मिलाकर मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए ध्यान में रखकर बजट बनाया गया।

### बजट में गरीबों के हितों की अनदेखी...... मनोज अग्रवाल

बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए समाजसेवी एवं पूर्व एल्डरमैन मनोज कालू अग्रवाल ने कहा है कि बजट असंतुलित होने के साथ-साथ जनहितकारी भी नहीं है द्य वास्तव में गरीब लोगों के साथ बहुत बड़ा छलावा इस बजट में किया गया है द्य प्रशासकीय अधिकारियों के पद पर सृजन व नए शासकीय भवन समय की आवश्यकता है ,लेकिन उससे ज्यादा आवश्यकता तो गरीबों व मध्यम वर्ग के जीवन को कल्याणकारी बनाने के लिए प्रयास होना चाहिए, जो इस बजट में नहीं है द्य प्रदेश की मूलभूत सुविधाओं का भी ध्यान नहीं रखा गया है।



### बजट में मोदी की गारंटी को लागू नहीं किया गया .....विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह



जांजगीर चांपा - अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बजट में मोदी की गारंटी को लागू नहीं किया गयाद्य बजट पूरी तरह हवा हवाई बातों की तरह है द्यबजट में राज्य के युवाओं के लिए कोई भी प्रावधान नहीं होने से युवाओं को निराशा ही हाथ लगी हैद्य महतारी वंदन योजना में राज्य के 18 वर्ष से 21 वर्ष की महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिलेगाद्य महतारी वंदन योजना के नाम पर भी राज्य शासन द्वारा छलावा किया गया, बजट पूरी तरह निराशाजनक है .

### बजट सबको साथ, सबका विकास की भावना का है....पूर्व विधायक सौरभ सिंह



**जांजगीर चांपा** - बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने इसे विकास उन्मुख बजट बताते हुए कहा कि जिस प्रकार बजट में किसानों एवं महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया है द्य वह इस वर्ग के उत्थान के प्रति सरकार के प्रतिबद्धता को दर्शाता है द्य मोदी की गारंटी के अनुरूप प्रधानमंत्री आवास एवं उन्नत कृषि के लिए राशि का प्रावधान किया गया है द्य जल जीवन मिशन के लिए 4500 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है, जो सराहनीय है ,यह बजट सबका साथ ,सबका विकास की भावना का बजट है।

### यह बजट निराशाजनक एवं छलावा है.....विधायक ब्यास कश्यप



**जांजगीर चांपा** - बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस विधायक व्यास कश्यप ने बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि यह बजट निराशाजनक है युवाओं की नौकरी की कोई बात इस बजट में नहीं है झूठ और जुमले का है यह बजट गैस सिलेंडर ?500 में देने के लिए भी राशि का प्रावधान नहीं किया गया है किसी भी जिले में मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने के बाद भी इस बजट में नहीं कही गई है इस तरह यह बजट महज छलावा है राज्य की जनता को बजट में अपने लिए कुछ नहीं दिख रहा है इसलिए लोगों में निराशा भी है.

### उप मुख्यमंत्री ने किया शक्ति वंदन अभियान का शुभारंभ

# मातृ शक्ति को स्वाभिमान के साथ आत्मनिर्भरता देना सरकार का पहला लक्ष्य : अरुण साव

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण में रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्श में आज शक्ति वंदन अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में शहरी व ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं को उन्होंने सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में रायपुर (उत्तर) विधायक पुरंदर मिश्रा, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा, कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. विश्वदीप सहित नगर निगम रायपुर की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चौबे, पूर्व निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव सहित जिला प्रशासन, नगर निगम, पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मातृ शक्तियों के कल्याण हेतु संचालित की जा



रही योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में शक्ति वंदन के साथ सरकार हर घर को समृद्ध, सुशिक्षित, सुविकसित करने के संकल्पों के साथ हर परिवार के आधार माताओं एवं बहनों को आत्मनिर्भर बनाने योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन, लखपति दीदी जैसी, पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा जैसी कई योजनाएं इस समय संचालित है, जिससे पूरे परिवार को अब आर्थिक संबल मिल रहा है। समारोह को विधायक मिश्रा, नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चौबे, संजय श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य कर स्वावलंबन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही महिला शक्तियों को सम्मानित करने के साथ ही स्वनिधि हितग्राहियों को उपमुख्यमंत्री साव के हाथों चेक प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सोना वर्मा, पार्षद भोलाराम साहू, रोहित साहू, पुरुषोत्तम बेहरा, किशोर महानंद, सत्यम दुआ, प्रभा दुबे, अनिल अग्रवाल सहित महिला एवं बाल विकास, श्रम, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी, शहरी और ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रबंधक व स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

## प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पूरा करने वाला बजट : शिक्षा मंत्री अग्रवाल

रायपुर। सवाददाता।

छत्तीसगढ़ के शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा में प्रस्तुत छत्तीसगढ़ सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह बजट राज्य की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने वाला तथा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्य की जनता को दी गई गारंटी को पूरा करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने दो महीने में ही प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम शुरू कर दिया है। इस बजट के जरिए छत्तीसगढ़ केंद्र सरकार के साथ कदम ताल मिला कर चलेगा। यह 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के सपना को पंख देने वाला बजट है। हमारी सरकार की नजरिया विकास है। जिसमें गरीबों, नौजवानों, किसानों और महिलाओं का बहुमुखी विकास हो। इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली पानी



सड़क सभी के लिए प्राप्त व्यवस्था की गई है। इस बजट में शिक्षा के क्षेत्र के लिए भी बेहतर प्रावधान है। पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, सरगुजा विश्वविद्यालय, बस्तर विश्वविद्यालय, नई बिल्डिंग खोलने के लिए, नए स्कूल खोलने के लिए शिक्षा विभाग में पारदर्शिता के लिए कंट्रोल रूम बनाया जाएगा जो विद्यार्थियों के साथ ही शिक्षक और कर्मचारियों की उपस्थिति और व्यय आदि दूसरी जानकारी दर्ज की जाएगी। जिससे कर्मचारी की जवाबदेही तय होगी और सरकारी खजाने की लूट पर रोक लगेगी। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य में पर्यटन के विकास के लिए बजट में ईको टूरिज्म, वॉटर टूरिज्म और पांचों शक्ति पीठों को जोड़ने के लिए प्रावधान किया गया है। साथ ही अयोध्या राम लला दर्शन योजना के लिए भी प्रावधान है किया है।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने सरकारी खजाने को खाली कर दिया था। हमारी सरकार एक बार फ़िर सुशासन और पारदर्शिता से काम करेगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाएगी, जिससे जनता को अहसास होगा की उनके जीवन स्तर में सुधार आया है भ्रष्टाचार पर लगाम लगने के साथ ही विकास की गति तेज हुई। उन्होंने कहा कि नीति आयोग की ही तरह राज्य में आर्थिक सलाहकार परिषद का गठन किया जा रहा है। यह परिषद राज्य सरकार की योजनाओं पर सुझाव, उनका इंप्लीमेंटेशन और मॉनिटरिंग का काम करेगा।

## कृषि जागरूकता पर रेडियो कार्यक्रमों की श्रृंखला का उद्घाटन

### रेडियो संवाद द्वारा चलाया जाएगा कृषि जागरूकता अभियान

**रायपुर।** उर्वरक विभाग रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर सामुदायिक रेडियो कार्यक्रमों की श्रृंखला का उद्घाटन रेडियो संवाद 90.8 स्नरू कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. चंद्रशेखर ओझा ने इस श्रृंखला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड विजयपुर गुना के मुख्य प्रबंधक कॉरपोरेट संचार विक्रम रावत ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के किसानों को समृद्ध बनाना है। इसके अंतर्गत रायपुर में रेडियो संवाद द्वारा कृषि पर



180 एपिसोड की श्रृंखला का प्रसारण किया जायेगा। इन कार्यक्रमों का निर्माण एवं प्रसारण कृषि विशेषज्ञों की सहायता से किया जाएगा। यह कार्यक्रम कृषि विकास एवं कृषि में संतुलित उर्वरकों के उपयोग की जागरूकता में महत्वपूर्ण साबित होगा। विशिष्टअतिथि कृषि विज्ञान केंद्र दुर्ग के निदेशक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विजय जैन ने वर्तमान में बदल रहे जलवायु परिवर्तन के विषय में कहा कि आज पेड़ लगाने के साथ उनके सरंक्षण की अत्यंत जरुरत है। जलवायु परिवर्तन का सीधा असर खेती पर हो रहा है। इसलिए जलवायु परिवर्तन से हो रहे बदलावों पर ध्यान देना होगा। कुलसचिव डॉ. चंद्रशेखर ओझा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि कृषि विकास के इस महत्वपूर्ण प्रयास में पत्रकारिता विश्वविद्यालय भी एक कड़ी के रूप में कार्य करेगा।

यह कार्यक्रम उर्वरक विभाग रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर सामुदायिक रेडियो कार्यक्रमों की श्रृंखला में नेशनल फ़र्टिलाइज़र्स लिमिटेड, विजयपुर, गुना (म.प्र.) द्वारा प्रायोजित होकर चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो संवाद 90.8 स्नरू द्वारा 180 एपिसोड का प्रसारण और 45 रेडियो कार्यक्रम का निर्माण किया जाएगा।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन रेडियो संवाद के केंद्र निदेशक डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी ने दिया। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में सामुदायिक रेडियो अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।

सामुदायिक रेडियो की उपयोगिता पर समाज का ध्यान आकर्षित कराए जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि जनसंचार माध्यमों में रेडियो महत्वपूर्ण है।

## पुलिस अधीक्षक रायपुर ने ली रक्षित केन्द्र में परेड की सलामी

### विभिन्न शाखा का किया गया निरीक्षण, दिए निर्देश

**एजेंसी।** राजधानी में लंबे अंतराल के बाद 9 फरवरी को नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के द्वारा जनरल परेड में सलामी ली गई तथा रक्षित केन्द्र का निरीक्षण भी किया गया। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित जनरल परेड़ में आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डीएसपी, और थाना प्रभारियों सहित जिले के 300 से अधिक पुलिस कर्मचारी उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक ने जोर दिया कि कवायद का मुख्य उद्देश्य अनुशासन के पालन की भावना का निर्माण करना, उसे बनाये रखना एवं अच्छी वेशभूषा पहनना तथा पुलिस बल के



स्वाभिमान को बनाये रखना है। कवायद जवानों को फील्ड कार्य का प्रशिक्षण देने का भी महत्वपूर्ण सहायता करती है, क्योंकि कवायद से जवान आदेशों का कड़ाई तथा निश्चित रूप से पालन करना सीखता है तथा बल के जवानों में उस बल के लिये गर्व एवं विश्वास का एहसास पैदा होता है। सही ढ़ंग से कवायद करने से जवानों को अपना व्यक्तिगत एहसास भूलाकर सामूहिक वजूद का एहसास करने में सहायता मिलती है। जिससे सामूहिक मनोबल एवं मिल-जुल कर कार्य करने की भावना विकसित होती है। यातायात पुलिस को सड़क पर ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए ड्रिल कराया गया। पुलिस के वाहनों की एमटी परेड में जांच किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अच्छा कार्य, अच्छी वेशभूषा धारण करने वाले 09 अधिकारी व जवानों के मनोबल को बढ़ाने हेतु ईनाम और लापरवाही, अनुशासनहीनता प्रदर्शित करने वाले 23 अधिकारी व जवानों को सजा दिया गया। परेड पश्चात् पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा रक्षित केन्द्र की अलग - अलग शाखाओं का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया कि पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी के प्रति गंभीर रहें। कर्त्तव्य पालन के दौरान किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिये।

## मोदी की गारंटी के तहत गांव गांव में खुशहाली: अशोक बजाज

### 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गांव चलो अभियान शुरू



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के रायपुर लोकसभा के चुनाव संयोजक अशोक बजाज ने गांव चलो अभियान के अंतर्गत रायपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चंपारण में सघन जनसंपर्क किया तथा बूथ कमेटी की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होनें चंपारण में रात्रि विश्राम किया तथा प्रवास के दूसरे दिन प्रातः ग्राम वासियों के साथ शीतला मंदिर तालाब, दंतेश्वरी मंदिर परिसर व मुख्य रंगमंच चौक में सफाई की। श्री बजाज ने प्रधानमंत्री आवास योजना व महतारी वंदन योजना के अलावा मोदी सरकार तथा विष्णुदेव सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क किया। उन्होनें कार्यस्थल पर जाकर मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। श्री बजाज ने 'फिर इस बार मोदी सरकार' के नारे का शंखनाद किया तथा गांव में दीवार लेखन की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर जनता खुश है तथा मोदी की गारंटी के तहत गांव गांव में खुशहाली आई है। उन्होंने 2023 के चुनाव में चंपारण में मिले बहुमत के लिए कार्यकर्ताओं धन्यवाद दिया तथा आगामी चुनाव में प्रत्येक भूत में 10त्न वोट बढ़ाकर फिर इस बार मोदी सरकार बनाने की अपील की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नारायण यादव, श्रीमती संध्या तिवारी, श्रीमती सिया साहू, तोशन साहू, शिवेंद्र तिवारी, विवेक तिवारी, विशाल साहू, शोभाराम साहू, रिखीराम निषाद, ईश्वर साहू, विजय कुमार साहू, खिलेंद्र साहू, बालेश्वर साहू, डोमन साहू, दिलीप साहू, समारु तारक, भारत तारक, गजाधर साहू, विनोद साहू, राकेश साहू, निर्मला साहू, कामता निषाद, हरिराम पटेल, भोला चक्रधारी, हेमलाल चक्रधारी, धनीराम, दिगेश्वर साहू, प्रेमलाल साहू, परमेश्वर साहू, राम तारक, अभय ध्रुव, राधिका ध्रुव , गणेश तारक, हेमलाल निषाद , राजेश साहू , केशव निषाद, राजेश नागरची एवं नंद कुमार निषाद आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बीरगांव में शुरू हुई कुर्की/सील बन्दी की कार्रवाई



**रायपुर।** 9 फरवरी को वार्ड 36 बीरगांव में छत्तीसगढ़ पोलीपकर्स (महेश सचदेव,सोनम सचदेव) जिनका 2015-16 से टैक्स बकाया था, को विधिवत डिमांड बिल,नोटिस देने के बाद आज निगम की राजस्व टीम, आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय के नेतृत्व में सीलबंद करने पहुँची। मौका निरीक्षण में पाया गया कि संबंधित का निगम टैक्स बकाया है साथ ही किराए पर गोडाउन संचालित है । ऐसी स्थिति में आयुक्त के द्वारा तत्काल सीलबंद करने की कार्यवाही हेतु अपने राजस्व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। आयुक्त द्वारा मौके पर ही टैक्स भुगतान करने कहा गया अन्यथा सील बंदी करने की बात कही गई । आयुक्त के आदेश के बाद संबंधित करदाता द्वारा तत्काल राशि रुपये 13 लाख का चेक मौके पर ही भुगतान किया गया।

आयुक्त के द्वारा इसी प्रकार आने वाले दिनों में लगभग 100 बकायादारों के यहाँ सील बंदी की कार्यवाही की जावेगी।

## रविशंकर विश्वविद्यालय की एक और उपलब्धि नई कंपनी को मिली भारत सरकार की अनुमति

**रायपुर।** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ल के सार्थक निर्देशन से विश्वविद्यालय की कंपनी पी आर एस यू नवाचार प्रौद्योगिकी एवम उद्यमिता फाउंडेशन को आज भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ने एक सेक्शन 8 कंपनी के रूप में शामिल कर लिया गया। कार्यपरिषद के अनुमोदन पर अभी फिलहाल कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में 8 मेंबर होंगे। क्कढ्ढञ्जश्वस्न के संचालन के शुरू होने से यहां पढ़ने वाले छात्रों को अपने खुद के स्टार्ट अप के लिए बहुत ही अनुकूल वातावरण मिलेगा ।यहां से पढ़कर निकले छात्र जो विभिन्न ओहदों और व्यवसाय में है उन्हें भी अपने मातृ संस्थान से लगयातार जुड़े रहकर विकास में सहभागी बनने का अवसर मिलेगा । PITEF एक मंच के रूप में कार्य करेगा जिसका उद्देश्य शैक्षिक समुदाय, उद्योग, और स्टार्टअप इकोसिस्टम के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना है। PITEF का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों, और अनुसंधानकर्ताओं के बीच नवाचारिक विचारों का समर्थन करना, तकनीक का स्थानांतरण सुनिश्चित करना, और छात्रों, शिक्षकों, और शोधकर्ताओं के बीच उद्यमिता पहल को बढ़ावा देना है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से PITEF आगे बढ़ने के लिए संबंधों, मेंटरशिप, और नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करेगा। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए उद्योगपतियो, निवेशकों और सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी सुनिश्चित करेगा ताकि नवाचारिक उद्यमों को गति और सफलता को बढ़ावा मिले। PITEF बौद्धिक संपत्ति




प्रबंधन और स्टार्टअप मेंटरशिप जैसे क्षेत्रों पर मुखरित होगा। विद्या साझा और सहयोग के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए कार्यशालाएं सेमिनार्स आदि आयोजित करेगा। PITEF की स्थापना प. रविशंकर शुक्ल विश्विद्यालय की उद्यमिता के प्रति की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाती है और छात्रों और शिक्षकों को अपने अनुसंधान और विचारों को प्रभावशील तरीके से प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा।

कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला ने कंपनी के संचालन की जिम्मेदारी प्रोफेसर डॉक्टर कविता ठाकुर को अन्य सहयोगियों के साथ दी है ।कंपनी का संचालन विश्वविद्यालय परिसर से ही होगा । इस उपलब्धि पर शिक्षकों ,छात्रों एवम कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है रविशंकर विश्वविद्यालय की एक और उपलब्धि :नई कंपनी को मिली भारत सरकार की अनुमति ।

## महापौर ने जोन 9 के पार्षदों से चर्चा कर लिये सुझाव

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने नगर निगम जोन 9 कार्यालय पहुंचकर जोन अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, एमआईसी सदस्य श्रीमती द्रौपती हेमंत पटेल, पार्षद श्रीमती सीमा संतोष साहू, श्रीमती सुषीला धीवर, गोपेष साहू, धनेष बंजारे, रोहित साहू, जोन 9 जोन कमिष्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता के.के. शर्मा, संबंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक लेकर जोन के कार्यो की समीक्षा कर आवष्यक निर्देष दिये। महापौर ने सभी पार्षदों से विकास कार्यो एवं जनसमस्याओं पर सुझाव मांगे । पार्षदों ने महापौर को सुझाव दिये । महापौर ने अधिकारियों को जनप्रतिनिधि पार्षदों के सुझावो पर जनहित की दृष्टि से यथोचित कार्यवाही करने कहा है।

महापौर एजाज ढेबर को बैठक में पार्षद गोपेष साहू ने सुझाव दिया कि जोन 9 के सभी वार्डो में सफाई व्यवस्था बेहत्तर बनाने कार्य किया



जाना चाहिए। पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड क्रमांक 8 में ठेका सफाई कामगारों की संख्या बढाने सहित वार्ड में विकास शुल्क की राषि की स्वीकृति से संबंधित प्रकरणों पर तत्काल स्वीकृति देने का अनुरोध पार्षद ने किया । पार्षद श्रीमती सीमा संतोष साहू ने शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड क्रमांक 33 में गीतांजलि नगर कविता नगर में पाईप लाईन बदलने का सुझाव दिया एवं गर्मी में पेयजल संकट का निदान करने सतनामी पारा सुलभ शौचालय के पास एवं कविता नगर केपिटल पैलेस के पीछे बोर खनन करवाने का अनुरोध किया। वार्ड में अवंति विहार गार्डन में पेवर ब्लॉक लगवाकर प्रकाष व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण कार्य करवाने का सुझाव दिया । एमआईसी सदस्य श्रीमती द्रौपती हेमंत पटेल ने डबरी पारा में लगभग 40 मीटर क्षेत्र में सड़क निर्माण शीघ्र करवाने का सुझाव दिया । ताकि सडक दुर्घटनाओं पर कारगर अंकुष लगाया जा सके। एमआईसी सदस्य ने बालाजी कालोनी क्षेत्र में अप्रारंभ सडक निर्माण को स्वीकृत करवाकर जनहित में शीघ्र प्रारंभ करवाने का अनुरोध महापौर से किया। बैठक में पार्षद धनेष बंजारे ने महापौर से जोरा पानी टंकी को प्रारंभ करवाने जनहित में पहल व कार्यवाही करवाने का सुझाव दिया । उन्होने गर्मी के दौरान पेयजल आपूर्ति के लिये पर्याप्त संख्या में पानी टैंकर की उपलब्धता करवाने का सुझाव दिया । पार्षद ने महापौर को चर्चा में वार्ड के तहत विभिन्न स्थानों में सडक एवं नाली की आवष्यक मरम्मत का कार्य शीघ्र स्वीकृति दिलवाकर प्रारंभ करवाने का सुझाव दिया। सूरज नगर रेल्वे लाईन श्मषान में फुटे हुए नाले की समुचित व्यवस्था करवाने सहित सूरज नगर ब्रम्हदेव नगर में शीघ्र नागरिको को स्वस्थ परिवेष देने सुलभ शौचालय स्वीकृत कर बनवाने का सुझाव पार्षद ने दिया ।

कुषाभाउ ठाकरे वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद श्रीमती सुषीला धीवर ने वार्ड में वर्तमान सफाई व्यवस्था को लेकर असंतोष व्यक्त किया एवं वार्ड के अनुबंधित सफाई ठेकेदार का ठेका नियमानुसार प्रक्रिया के तहत निरस्त करने आवष्यक कार्यवाही किये जाने संबंधित अधिकारियों को निर्देषित करने का अनुरोध किया।

## बड़े बकायादार प्रकाश इंडस्ट्रीज गोगांव पर कार्रवाई की

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर पालिक निगम के सभी जोन कमिश्नरों , राजस्व अधिकारियों, सहायक राजस्व अधिकारियों को नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डो में सभी बडे बकायेदारों से नियमानुकुल कड़ाई के साथ बकाया राजस्व वसूली अभियानपूर्वक नगर पालिक निगम रायपुर के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतरता से सुनिश्चित करने एवं बड़े बकायेदारों के संस्थानों में बकाया राशि अदा नहीं किये जाने की स्थिति में संबंधित बड़े बकायादारों पर सीलबंदी, कुर्की की कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं । आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के राजस्व विभाग की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों , राजस्व अधिकारियों, सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में बड़े बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली




हेतु प्रतिदिन निरंतर सघन अभियान नगर पालिक निगम के हित में चलाया जा रहा है। आज नगर निगम राजस्व विभाग द्वारा 2550105 रू. के डिमांड बिल नोटिस की वसूली हेतु अभियान चलाया गया एवं लक्ष्य अनुसार सम्पूर्ण बकाया राषि 2550105 रू. की बकायादारो से वसूली की गई। आज नगर पालिक निगम जोन 1 राजस्व विभाग की टीम ने वर्ष 2022-23 से 20 लाख रू. के बकायेदार प्रकाश इंडस्ट्रीज गोगांव पर नगर निगम की बकाया राशि वसूलने की कार्यवाही की । कार्यवाही के दौरान बड़े बकायादार प्रकाश इंडस्ट्रीज गोगांव द्वारा नगर निगम जोन क्रमांक राजस्व विभाग की टीम को 20 लाख रू. के वर्ष 2022-23 के बकाये की राशि का चेक के माध्यम से तत्काल भुगतान कर दिया । जोन 3 की टीम ने वार्ड 12 व 30 में बकायादारा आरसन मोटर्स व दुकान पर कार्यवाही की । कार्यवाही के दौरान तत्काल दोनो बकायादारो ने कुल 286000 रू. का सम्पूर्ण बकाया भुगतान निगम की टीम को कर दिया । जोन 8 राजस्व विभाग की टीम ने वार्ड 69 व 70 में वर्ष 2022-23 से बकायेदार एसकेएस बिल्डकॉम प्राइवेट लिमिटेड संचालक प्रकाष जायसवाल एवं 2018-19 से बकायेदार श्रीमती सुखविंदर कौर पर कार्यवाही की ।

# गांव चलो अभियान के तहत भाजपा पदाधिकारी–कार्यकर्ता 1 दिन का प्रवास कर रहे हैं

**रायपुर ।** भारतीय जनता पार्टी गांव चलो अभियान के तहत लोगों तक पहुंच रहे हैं। इस अभियान के तहत मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रदेश के मंत्रीगण, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पदाधिकारी 1 दिन का प्रवास तय कर एक निश्चित स्थान पर अपना पूरा समय व्यतीत कर वहां के लोगों से संपर्क करेंगे एवं केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। लाभार्थियों से सतत चर्चा कर भी रहे हैं।

अभियान के तहत शनिवार को विधायक व गांव चलो अभियान की सह संयोजक श्रीमती गोमती साय जशपुर जिले के पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुंडाटोली में प्रवास कर वहां के लोगों से मुलाकात कर लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं के बारे में बताया। प्रदेश सह संयोजक भरत मटियारा ने आज नारायणपुर जिले के नारायणपुर में गांव चलो अभियान के तहत प्रवास कर लोगों से संपर्क कर उनकी समस्याओं सुना एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही की जन हितैषी योजनाओं को लेकर चर्चा भी किया। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय गांव चलो, घर-घर चलो अभियान के तहत कांकेर जिला के हाराडूला बूथ में शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने जनसंघ के समय के वरिष्ठ कार्यकर्ता गोवर्धन सिंहा को श्रीफल देकर सम्मान किया। संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं पंहुचाना होगा। इस मौके पर मंडल प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष गौतम उइके, हीरा मरकाम, टकेश्वर सिंहा, अशोक चंद्रवंशी, मनोज जैन, परमानंद साहू,बीरचंद कोर्राम, महेंद्र गावडे, रघुनंदन साहू, सुदरम सिंहा,रामनारायण नेताम, हीरा सिंह सोनवानी, श्रीमती अनिता नेताम, श्रीमती गंगा साहू,रामकुमार सिंहा, यशवंत साहू, श्रीमती लता साहू, शंकर चक्रधारी, जनक मंडावी सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।



# जिला स्तरीय महिला स्व सहायता समूह सशक्तिकरण शक्ति वंदन अभियान सम्मेलन

**कोण्डागांव**

**जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत गतदिवस मोहला विकासखंड के ग्राम नाड़ेकल में जिला स्तरीय सम्मेलन महिला स्व-सहायता समूह सशक्तिकरण शक्ति वंदन अभियान संकल्प से शक्ति संगठन से समृद्धि जिला पंचायत राजनांदगांव गीताघासी साहू के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के 12 संकुल संगठन के लगभग 500 स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।**



महिला सम्मेलन में कुषि विभाग, मछली पालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, बैंक से संबंधित तथा अन्य विभाग की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उपस्थित स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक गणो को जानकारी प्रदाय किया गया। जिला स्तरीय महिला स्व-सहायता समूह सशक्तिकरण शक्ति वंदन अभियान संकल्प से शक्ति संगठन से समृद्धि सम्मेलन कार्यक्रम के माध्यम से सभी वर्ग की महिलाओं को कुछ नया करने की प्रेणा, स्वलंबन, आत्मनिर्भर, सदैव आगे बढ़ने, नारी शक्ति के साथ एकता, संगठन, एवं समूह की महत्व को बताया गया तथा जिले के सभी महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को ध्यान आकर्षित कराय गया की अपने समूह के माध्यम से शासकिय योजनओं का लाभ लेने एवं शासन के साथ मिलकर अपने लक्ष्यों के प्रति कर अपने महिला स्व सहायता समूह को और अधिक मजबूत, आत्मनिर्भर बनाया जा सके। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के साथ महिलाओं को एक साथ जोड़ने का प्रयास किया गया। साथ ही उत्कृष्ठ कार्य करने वाले महिला स्व सहायता समूह को सम्मनित किया गया। इस कार्यक्रम में राधिका अंधारे जिला पंचायत सदस्य, परियोजन निर्देशक जिला प्रशासन मोहला हेमंत ठाकुर, जनपद पंचायत अं.चौकी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रियंवदा रामटेके, जनपद पंचायत मोहला मुख्य कार्यपालन अधिकारी कंचना वाल्दे, सहित सभी जिला स्तरीय विभागिय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# निर्धारित ध्वनि सीमा से अधिक ध्वनि संचालित करने पर होगी कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर

**मोहला**

कलेक्टर जयवर्धन व पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के डी जे संचालकों की बैठक ली। बैठक में उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश जानकारी से डी जे संचालको को अवगत कराया गया। बैठक में कलेक्टर एस जयवर्धन ने कहा की सभी डी जे संचालक उच्च न्यायलय द्वारा पारित आदेशों का परिपालन करते हुए डी जे का संचालन करें। निर्धारित ध्वनि सीमा से अधिक ध्वनि पर डी जे संचालित किये जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह ने कहा कि डी जे संचालन के सम्बन्ध में नियम पारित किया गया है, जिसका सभी को पालन किया जाना आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि थानेवार डी जे संचालकों की सूची बनाई जाएगी। जिसमें डी जे संचालक का विवरण रहेगा। प्रेशर हार्न, की जानकारी रखी जाएगी। नियम विरुद्ध डीजे, प्रेशर हार्न उपयोग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ध्वनि प्रदुषण संबंधी प्रावधानों का पहली बार उल्लंघन किये जाने पर ऑनलाइन प्रकरण दर्ज किया जाएगा। दूसरी बार उल्लंघन किये जाने पर हाई कोर्ट के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया जाएगा। डी जे संचालन का ध्वनि मापक यंत्र से माप लिया जाएगा। साथ ही वीडियोग्राफी से भी संज्ञान में लिया जाएगा। संबंधित प्रकरण के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। बिना अनुमति के मॉडिफाइड वाहनों पर तत्काल कार्रवाई किया जाएगा। ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले यंत्र को तत्काल वाहनों से उतरवाया जाएगा। ऐसे वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। डी जे संचालन के लिए ध्वनि विस्तार के संबंध में क्षेत्र एवं ध्वनि सीमा निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार रात 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक डी जे संचालन प्रतिबंधित किया गया है। अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं, न्यायालय, धार्मिक संस्थाओं के 100 मीटर की परिधि में कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में 100 मीटर की दूरी तक प्रेशर हार्न, म्यूजिकल हार्न, अन्य किसी भी प्रकार के साउंड एमप्लीफायर का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। दिन के समय औद्योगिक क्षेत्र में सुबह 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक 75 डेसीबल साउंड, वाणिज्यिक क्षेत्र में 65 डेसीबल साउंड, आवासीय क्षेत्र में 55 डेसीबल साउंड एवं कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र में 50 डिसमिल से अधिक ध्वनि पर डी जे का संचालन नहीं किया जा सकेगा। सभी डी जे संचालको को ध्वनी नियंत्रक यंत्र लगाने निर्देशित किया गया है।

## कलेक्टर ने महिलाओं को बांटे उज्जवला गैस कनेक्शन

बिलासपुर । महिलाओं के दिन अब बहुरने लगे हैं। शासन द्वारा दी जा रही उज्जवला गैस कनेक्शन से उनके समय और श्रम की बचत हो रही है। आज कोटा जनपद पंचायत परिसर में कलेक्टर अवनीश शरण ने 20 महिलाओं को जब उज्जवला गैस कनेक्शन दिया तब महिलाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। उज्जवला योजना से उनके धुएं मुक्त रसोई का सपना साकार हो रहा है।

महिलाओं ने अपनी खुशी बयां करते हुए बताया कि उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन मिलने से उन्हें चूल्हे के धुएं से मुक्ति मिलेगी। उनके समय की बचत होगी इसका उपयोग वे अन्य कामो में कर पाएंगी। उन्होंने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

# राशनकार्ड नवीनीकरण के मामले में धमतरी जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर

**रायपुर** प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से किया जा रहा है। 09 फरवरी की स्थिति में धमतरी जिले के 2 लाख 42 हजार 320 हितग्राहियों में से एक लाख 84 हजार 816 हितग्राहियों के राशनकार्डों का नवीनीकरण हो चुका है। राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग द्वारा दी गई, ऑनलाइन सुविधा का लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं और स्वयं अपने मोबाइल से खाद्य विभाग के एप के जरिये राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। जिला खाद्य अधिकारी बी.के.कोर्राम ने बताया कि जिले में एक लाख 84 हजार 816 राशनकार्डों का नवीनीकरण कर धमतरी जिला पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर है, पहले स्थान पर बालोद जिला है। उन्होंने बताया कि राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। राशनकार्डधारी अपने मोबाइल में इस एप्प के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राईड मोबाईल नहीं है अथवा जहां पर मोबाईल कनेक्टिविटी नहीं है। वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर ऑनलाईन प्रक्रिया के जरिए राशनकार्डों के नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा भी दी जा रही है। खाद्य अधिकारी ने जिले के राशनकार्डधारियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित तिथि 20 फरवरी तक राशनकार्ड कार्ड का नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दें।




# भाजपा के घोषणापत्र अनुसार अक्षरशः मोदी की गारंटी को पूरा करता हो ऐसा नहीं



छत्तीसगढ़ के बजट पर पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंह देव ने कहा कि नये वित्तमंत्री का पहला बजट है। नकारात्मक टिप्पणी नहीं करुंगा। बजट अनुसार आय में 22 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। जो काफी महत्वकांक्षी है। अगर लक्ष्य प्राप्त होता है तो उसका स्वागत है। मै एक वर्ष का अवसर नये वित्त मंत्री को देना चाहूँगा। बजट घाटा 2.9 प्रतिशत है एवं लोन की राशि को सीएसडीपी के तहत 18 प्रतिशत के दायरे में रखा गया है, जो पूर्व सरकार की नितियों के अनुसार है। पंचायत विभाग को 70 प्रतिशत अधिक बजट दिया गया है जो कि स्वागतयोग्य है। स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य शिक्षा विभाग को आबंटित कुल राशि 10215 करोड है जो कि पिछले बजट में आबंटित राशि से तो अधिक है किंतु प्रतिशत के ऑकडों में यह पिछले बजट से कम है। स्वास्थ्य के मद में कुल बजट का मात्र 6.92 प्रतिशत राशि प्रावधान किया है जो कि जरुरत के मुताबिक नहीं है। सिम्स बिलासपुर एवं मेकाहारा रायपुर के लिये बजट में क्रमशः 700 करोड एवं 776 करोड की राशि का प्रावधान पिछले सरकार के कामो को आगे ले जाने का प्रयास है, किंतु अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज के लिये बजट में मात्र 50 करोड का प्रावधान ही रखा गया है। अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज के लिये 109 करोड के राशि की एकमुश्त आवश्यकता है ताकि अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पाताल को प्रारंभ किया जा सके।

मै सरकार से अनुरोध करुंगा कि अगामी अनूपूरक बजट में अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज के लिये शेष राशि का प्रावधान कर इसे शीघ्र पूर्ण कराया जाये बजट में अम्बिकापुर में स्पोट्र्स कॉम्पलेक्स के लिये भी एक पैसे का प्रावधान नहीं दिखता, जिसकी घोषणा पिछले सरकार के द्वारा की गयी थी। बजट में सरकारी कर्मचारियों के लिये कुछभी नहीं है। प्रधानमंत्री आवास के लिये मात्र 800 करोड रुपय का प्रावधान किया गया है, जबकि मोदीजी की गारंटी के अनुसार प्रदेश में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास बनने हैं। इस अनुसार बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये अपर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार मोदीजी की गारंटी थी कि प्रदेश की प्रत्येक विवाहित महिला को महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। लेकिन चुनाव जीतने के बाद जब लाभ देने की बात आयी तो अब विवाहित महिलाओं का वर्गीकरण किया जा रहा है। बजट में मात्र 1117 करोड रुपय की राशि का प्रावधान महतारी वंदन योजना के लिये किया गया है। जो इस कहावत को चरितार्थ करता है कि नाम बडे और दर्शन छोटे हैं। मोदी की गारंटी के अनुसार 500/रु में गैस सिलेण्डर देने पर यह बजट कुछ नहीं कहता। कुलमिलाकर बजट में ऐसा कुछ नहीं है जो भाजपा के घोषणापत्र अनुसार अक्षरशः मोदी की गारंटी को पूरा करता हो।

## रामराज की स्थापना करने वाला जन-जन का बजट - जितेन्द्र वर्मा

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट का जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने अभिनंदन कर हर्ष व्यक्त किया। जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि ये बजट सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी है, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों व क्षेत्रों के विकास को समाहित किया गया है। दुर्ग जिले को करोड़ो रुपयों की सौगात दिया जाना, इस बजट को दुर्ग जिले के जनता के लिए खास बनाता है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट का केंद्र बिंदु तङ्गह है, जिसमें गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को केंद्रित करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण, उद्योग प्रोत्साहन, अतिरिक्त पूंजी निवेश, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं प्रदेश के सर्वांगीण विकास पर पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रस्तुत बजट में प्रदेश के आर्थिक विकास की आधारशिला रखी गई है, जो अगले 5 वर्षों में प्रदेश की जीडीपी को 10 लाख करोड़ तक पहुँचाने का रोड मैप है। प्रस्तुत बजट उद्योग-व्यापार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और अधोसंरचनात्मक विकास के साथ-साथ किसान, युवा, महिलाओं, निराश्रित एवं केन्द्रित सामाजिक न्याय को ध्यान में रखते हुए बनाया गया संतुलित बजट है।

## युवाओं,महिलाओ, किसानों का भविष्य संवारने वाला बजटः धरम लाल कौशिक



आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत हुए बजट को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ,विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा यह बजट छत्तीसगढ़ की महिलाओ,युवाओं,किसानों के भविष्य को संवारने वाला बजट होगा।यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास का एक संकल्प लेकर निश्चित लक्ष्य बता रहा है जिसमे राज्य की जीएसडीपी को 5 साल में दोगुना किया जाना है। कौशिक ने कहा यह बजट मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला बजट है इस बजट में महतारी वंदन,किसानों को भुगतान,प्रधानमंत्री आवास,जल जीवन मिशन,राम लला दर्शन,मुफ्त इलाज,भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए प्रावधान सहित मोदी की कई गारंटीयों को पूरा करने प्रावधान किया गया है।

## तस्वीर और तकदीर बदलने वाला बजट : किरण देव

प्रदेश की जनता ने जिस आशा व विश्वास के साथ भाजपा सरकार को चुना था उस विश्वास को पूर्ण करने वाला बजट : श्री देव



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव ने प्रदेश सरकार की बजट को विकसित छत्तीसगढ़ के लिए बेहतर बजट बताया है। छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए इस बजट में हर पहलु को ध्यान दिया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी, पेयजल अधोसंरचना सहित समाज के अंतिम व्यक्ति तक चिंता की गई है। उन्होंने कहा कि बस्तर से लेकर सरगुजा व पूरे छत्तीसगढ़ के संपूर्ण विकास की दस्तावेज का प्रस्तुतिकरण विधानसभा के पटल में रखा गया है। हम भरोसा दिलाते हैं कि विकास के माध्यम से हर क्षेत्र में तस्वीर व तकदीर बदलेंगे। श्री देव ने कहा सर्वहारा सर्वसेहमत वाला बजट है , यही मोदी जी की गारंटी है। जिसके लिए हम सब तनम्यता से जुटे हुए हैं। इस बजट में समाज के हर वर्ग की चिंता की गई है। इस परिकल्पना के साथ हम विकास की हर संभावाओं के लिए जुटेंगे। यह बजट तकनीकी संसाधनों को प्रोत्साहित कराने वाला होगा, जिससे हम नवीन संसाधनों के साथ विकास के नए आयामों को छू पाएंगे। बुनियादी ढांचे के विकास के साथ जनता पर किसी प्रकार का कोई भार नहीं होगा ।भाजपा अध्यक्ष के श्री देव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में बजट तैयार किया गया है व वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रखरता से प्रस्तुत किया है।

## बजट में हर क्षेत्र, हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है जिसमें विकसित राज्य की परिकल्पना जो व्यापार एवं उद्योग हेतु सकारात्मक है : कैट

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने आज अपना बजट पेश कर दिया । छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज बजट पेश किया बजट में विशेष 10 आधार स्तंभों के साथ विकासशील राज्य से विकसित राज्य की ओर अग्रसर होने वाला बजट है। इसमें हर क्षेत्र, हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है। निश्चित रूप से इसके दूरदृष्टि से बनाया गया बजट है। इसके दूरगामी सकरात्मक परिणाम प्राप्त



## छत्तीसगढ़ बजट को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा- करे कोई भरे कोई

छत्तीसगढ़ में 2024-25 के लिए भाजपा की छत्तीसगढ़ सरकार ने आज पहला बजट पेश किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के 1.47 लाख करोड़ के बजट को लेकर छत्तीसगढ़ के नेताओं ने अलग-अलग तरह से प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एक ओर जहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे छत्तीसगढ़ की दिशा और दशा तय करने वाला बताया। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं ने इसे ख्याली पुलाव की तरह बताया। सीएम साय ने कहा कि हमारी सरकार का यह बजट है। यह बजट केवल एक साल का बजट नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ की दिशा और दशा तय करने वाला है।

यह मौजूदा करो में बिना वृद्धि किए राजस्व बढ़ाने वाला



## छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा करने वाला बजट :संजय श्रीवास्तव

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास को एक नई रफ्तार देगा यह छत्तीसगढ़ के लोगों के सपनों को साकार करने वाला बजट है । यह बजट केवल राशियों का आवंटन नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के विकास का एक रोड मैप है जिससे छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा हो सकेगा। श्रीवास्तव ने कहा छत्तीसगढ़ के विकास में टेक्नोलॉजी का उपयोग,बच्चो की पढ़ाई के लिए नालंदा परिसर



जैसे नए 22 संस्थान,160 आईटीआई का उन्नयन,छत्तीसगढ़ प्रोद्योगिकी संस्थान, बस्तर वि. वि में नवीन शिक्षणविभाग, सूरजपुर, गरियाबंद, कोंडागांव, सुकमा ,बलरामपुर में जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना , साइंस सिटी ,एस्ट्रो पार्क,जशपुर में एग्रो बिजनेस कॉलेज छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना, गोंडी भाषा के प्रोत्साहन हेतु सॉफ्टवेयर निर्माण सहित कई ऐसे प्रावधान बजट में है ।जो छत्तीसगढ़ के विकास को तेज गति देंगे।

## संतुलित बजट, नहीं लगाया गया कोई नया कर, चेंबर के सुझावों को बजट में शामिल किया गया :अमर पारवानी

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज विधान सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी जी द्वारा विधानसभा में बजट पेश किया गया । बजट में किसी भी प्रकार का नया कर नहीं लगाया गया जो स्वागत योग्य है। प्रस्तुत बजट का आर्थिक विकास केंद्र बिंदु तङ्गह गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी (महिला विकास) समर्थित रहा साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला, उद्योग प्रोत्साहन, अतिरिक्त पूंजी निवेश तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं प्रदेश के सर्वांगीण विकास पर आधारित बजट है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि 20 वर्ष बाद यह पहली बार है जब वित्त मंत्री द्वारा बजट प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत बजट में प्रदेश के आर्थिक विकास की आधारशिला रखी गई है जो अगले 5 वर्षों में प्रदेश के तस्छक को 10 लाख करोड़ तक पहुँचाने का रोड मैप है।



प्रस्तुत बजट उद्योग-व्यापार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और अधोसंरचनात्मक विकास के साथ-साथ किसान, युवा, महिलाओं, निराश्रित एवं केन्द्रित सामाजिक न्याय को ध्यान में रखते हुए बनाया गया संतुलित बजट है ।

## ना कोई विजन ना नया कार्यक्रम, पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं पर भी भ्रमित है साय सरकारः सुरेंद्र वमा



विष्णुदेव साय सरकार के द्वारा प्रस्तुत पहले बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि बजट से साय सरकार का जन विरोधी षड्यंत्र एक बार फिर उजागर हुआ है। इस बजट में ना कोई नया कार्यक्रम है न ही कोई विजन बल्कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को सतत जारी रखने में साय सरकार संसय की स्थिति में नज़र आ रही है। आम जनता के हित से भारतीय जनता पार्टी का कोई सरोकार नहीं है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि साय सरकार के वित्त मंत्री ने एक तरफकर्ज को लेकर पूर्ववर्ती सरकार पर अनर्गल आरोप लगाए दूसरी तरफ कुल कर्ज़ आरबीआई द्वारा एफआरबीएम एक्ट के तहत तय सीमा के भीतर रखनें के पूर्ववर्ती सरकार की उपलब्धियों पर अपनी पीठ खुद ही थपथाये, झूठा श्रेय लेने का कुत्सित प्रयास किया। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने अपने 5 वर्ष के कार्यकाल के दौरान प्रदेश की जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया गया था और न ही किसी भी तरीके से करो में कोई वृद्धि की गई, बल्कि जनता को मिलने वाले राहत और सब्सिडी सतत जारी रहा।

## जन अपेक्षाओं के विपरीत, झूठे सपने और खोखले दावों का घोर निराशाजनक बजटःदीपक बैज



छत्तीसगढ़ बजट 2024 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि साय सरकार का पहला बजट आम जनता के अपेक्षा और उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक रहा है, ना इसमें युवाओं के रोजगार के संदर्भ में कोई रोड मैप दिख रहा है, ना ही महंगाई से निपटने कोई ठोस रणनीति है। 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा था, लेकिन बजट में नई नौकरियों के लिए कोई प्रावधान नहीं हैं, उल्टे बेरोजगारी भत्ता की राशि खा गए। कॉलेज जाने वाले छात्रों से वादा था यात्रा भत्ता देने का जिसके लिए कोई बजट प्रावधान नहीं है। 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा करने वाले भाजपाई गैस सब्सिडी के लिए एक रुपए का भी बजट प्रावधान नहीं कर पाए हैं।

## महतारी वंदन को लेकर बजट में भाजपा की बदनीयती सामने आई : शुक्ला



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बजट से भाजपा की बदनीयती सामने आई है। मोदी की गारंटी के नाम पर छत्तीसगढ़ की बहन बेटियों को एक बार फिर छला गया। इस बजट में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पूरे 1 वर्ष के लिए कुल बजट प्रावधान मात्र 3000 करोड़ रूपया अर्थात ढाई सौ करोड़ रूपए महीना? प्रदेश में कुल महिला मतदाताओं की संख्या लगभग एक करोड चार लाख है, भारतीय जनता पार्टी के साय सरकार के द्वारा किए गए बजट प्रावधान से मात्र 25 लाख महिलाओं को ही 1000 रुपया महीना दिया जा सकेगा, अर्थात भारतीय जनता पार्टी की विष्णुदेव साय सरकार की मंशा प्रदेश के लगभग 80 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से बाहर रखने का है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)